NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 167 लखनऊ, मंगलवार 04 फरवरी 2025 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर नजर

### सुबह 3 बजे से वार रूम में नजर आए योगी

**नागा साधुओं ने महाकुंभ मेले में बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाने के लिए, पवित्र प्रतीकों को लेकर और पारंपरिक आभूषणों से सजे हुए संगम की ओर मार्च करते हुए एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला नजारा पेश किया। भोर होते ही, विभिन्न अखाड़ों के राख में लिपटे नागाओं सहित साधुओं ने त्रिवेणी संगम की ओर अपनी औपचारिक यात्रा शुरू की।**



नई दिल्ली 03फरवरी (एजेंसी) बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर तीसरा भव्य श्अमृत स्नानश महाकुंभ पवित्र शहर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर चल रहा है, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 3:30 बजे से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उनके सरकारी आवास पर वॉर रूम बनाया गया. वह डीजीपी और गृह सचिव से लगातार अपडेट ले रहे हैं और अमृत स्नान के सुचारू संचालन के लिए निर्देश देते नजर आए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पूरी स्थिति की समीक्षा की. उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए कि अमृत स्नान के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो और सभी के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं।महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के दौरान पवित्र स्नान करने के लिए सोमवार तड़के बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम पर एकत्र हुए, जो श्बसंत पंचमीश के शुभ अवसर पर आया था। त्रिवेणी घाटों के दृश्य पवित्र स्नान के लिए एकत्रित भक्तों की भारी भीड़ को दर्शाते हैं जिसमें तीर्थयात्री संगम के पवित्र जल में डूबे हुए हैं।नागा साधुओं ने महाकुंभ मेले में बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाने के लिए, पवित्र प्रतीकों को लेकर और पारंपरिक आभूषणों से सजे हुए संगम की ओर मार्च करते हुए एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला नजारा पेश किया। भोर होते ही, विभिन्न अखाड़ों के राख में लिपटे नागाओं सहित साधुओं ने त्रिवेणी संगम की ओर अपनी औपचारिक यात्रा शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि सुबह 6 बजे तक, सबसे पहले अखाड़ेने अपना स्नान पूरा कर लिया था, जबकि जूना अखाड़ सहित अन्य अखाड़ेके लिए प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही थी, जिनके नागा इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण हैं। दृश्यों से पता चला कि हेलीकॉप्टर का उपयोग करके क्षेत्र में गुलाब की पंखुड़ियाँ बरसाई गईंमौनी अमावस्या (29 जनवरी) को पिछले अमृत स्नान के दौरान भगदड़ के मद्देनजर बसंत पंचमी पवित्र स्नान अनुष्ठान महत्वपूर्ण हो गया है जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए।

## 45 मिनट का भाषण और 34 बार चीन का नाम

### बीजेपी ने राहुल गांधी को बताया जिनपिंग, पूछा- ये रिश्ता क्या कहलाता है?

**बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी को जिनपिंग बता दिया। संबित पात्रा ने कहा कि मेरा मन उन्हें श्राहुल जिनपिंगश कहकर संबोधित करने का करता है। उन्होंने 34 बार चीन का नाम लिया। वह प्रार्थना कर रहे होंगे कि अगले जन्म में वह चीनी बनें।**




नई दिल्ली 03फरवरी (एजेंसी) राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि विनिर्माण का काम चीन की कंपनियों को दे दिया गया है। राहुल गांधी ने मोबाइल फोन दिखाते हुए कहा, "यह मेड इन इंडिया नहीं, बल्कि 'असेंबल्ड इन इंडिया' है।" भारत की रक्षा तैयारियों पर चिंताओं को उजागर करते हुए, उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष की स्थिति में देश चीनी निर्मित घटकों पर निर्भर रहेगा। राहुल गांधी ने कहा कि चीन भारत के अंदर बैठा है क्योंकि मेक इन इंडिया पहल विफल हो गई है।लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इसका खंडन किया है और सेना ने प्रधानमंत्री का खंडन किया है कि चीन हमारे क्षेत्र के 4000 वर्ग किमी पर बैठा है। राहुल जब बोल रहे थे तो केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बीच में टोकते हुए कहा कि सदन में मनचाही बात नहीं बोल सकते हैं। ये गंभीर मामला है। अब भाजपा ने एक बार फिर से राहुल पर वार किया है। भाजपा नेता विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा कि 45 मिनट की स्पीच में 34 बार चीन का नाम! राहुल जी का चीन से श्ये रिश्ता क्या कहलाता हैश?बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी को जिनपिंग बता दिया। संबित पात्रा ने कहा कि मेरा मन उन्हें श्राहुल जिनपिंगश कहकर संबोधित करने का करता है। उन्होंने 34 बार चीन का नाम लिया। वह प्रार्थना कर रहे होंगे कि अगले जन्म में वह चीनी बनें। राहुल गांधी ने कहा कि चीन में मैन्युफैक्चरिंग ज्यादा है और भारत पिछड़ रहा है। 2004–14 तक भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा 25 गुना अधिक था। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेक्टर में सिर्फ 1–2 कंपनियों को तवज्जो दी जा रही है और गरीब लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। पीएम मोदी ने मुद्रा योजना के तहत 51 करोड़ लोगों को लोन दिया। कांग्रेस यूपीआई सिस्टम के खिलाफ थी। आज यूपीआई के जरिए 50 करोड़ ट्रांजैक्शन हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि ताजपोशी सिर्फ गांधी परिवार में होती है। डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह था। फन्।क देशों के विदेश मंत्रियों को आमंत्रित किया गया। जिस तरह से आपने भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की, अपने ही देश के प्रति इतनी हीन भावना ठीक नहीं है। 2014 तक पीएम ही चुनाव आयुक्त नियुक्त करते थे। यह पीएम मोदी ही हैं जिन्होंने इस प्रक्रिया में एलओपी को शामिल किया।

## कालकाजी में आतिशी को कड़ी टक्कर दे रहे रमेश बिधूड़ी और अलका लांबा

***दिल्ली की कालकाजी सीट पर काफी कड़ा मुकाबला होने जा रहा है। इस सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस से अलका लांबा और भारतीय जनता पार्टी की तरफ से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी चुनावी मैदान में हैं।***



नई दिल्ली 03फरवरी (एजेंसी) दिल्ली विधानसभा चुनाव के तहत सभी 70 विधानसभा सीटों पर 05 फरवरी को मतदान होना है। वहीं 08 फरवरी को वोटों की गिनती होगी। दिल्ली की कालकाजी सीट पर काफी कड़ा मुकाबला होने जा रहा है। इस सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ रही हैं। वहीं ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा भी कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से चुनाव लड़ रही हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर 13 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

दिल्ली की कालकाजी सीट से 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने उतरे हैं। आम आदमी पार्टी की तरफ से आतिशी, भारतीय जनता पार्टी के रमेश बिधूड़ी, कांग्रेस पार्टी की अलका लांबा, बसपा पार्टी के प्रीतम सिंह और कई छोटी–छोटी पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस का दावा है कि इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा। तो वहीं बीजेपी का दावा है कि इस सीट पर मुख्य लड़ाई आप प्रत्याशी आतिशी और उनके पार्टी के उम्मीदवार के बीच है। बता दें कि इस सीट पर आप पार्टी लगातार दो बार चुनाव जीत चुकी है।

कालकाजी सीट का प्रोफाइल

दक्षिणी दिल्ली में कालकाजी विधानसभा सीट स्थित है। यहां कालकाजी नाम से माता का एक फेमस मंदिर है। साल 2008 में परिसीमन के बाद कालकाजी सीट का गठन किया गया था। यह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र में 1,06,743 वोटर थे। जिसमें पुरुष वोटर 59,157 थे और महिला वोटर 47,583 थीं।

चुनावी इतिहास

बता दें कि साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप पार्टी की उम्मीदवार आतिशी ने कालकाजी विधानसभा सीट 11,393 वोटों के अंतर से यह सीट जीती थी। इस दौरान आतिशी को 52.28: वोट शेयर के साथ 55,897 वोट मिले थे। आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मबीर सिंह को शिकस्त दी थी। धर्मबीर सिंह को 44,504 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार शिवानी चोपड़ा को 4,965 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

## बीजेपी ने जीत का भरा दम

### केजरीवाल पर झूठे वादे करने का लगाया आरोप

**भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार उपाध्याय ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की सरकार के दौरान लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है और सड़क टूटी पड़ी हैं। तो वहीं, सीवर भी हर जगह ओवरफ्लो हो रहे हैं, दिल्ली में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिसकी तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है।**



नई दिल्ली 03फरवरी (एजेंसी) देश की राजधानी दिल्ली में एक दिन बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार आज शाम से पूरी तरह थम चुका है। इस दौरान हमारी टीम ने दिल्ली की विभिन्न विधानसभा सीटों पर जाकर माहौल समझने की कोशिश की। अपने भ्रमण के दौरान प्रभासाक्षी की टीम ने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सतीश उपाध्याय और पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ताओं से खास बातचीत की है।तचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार उपाध्याय ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की सरकार के दौरान लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है और सड़क टूटी पड़ी हैं। तो वहीं, सीवर भी हर जगह ओवरफ्लो हो रहे हैं, दिल्ली में जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिसकी तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार के चुनाव में मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को जनता पूरी तरह से जानकारी चुकी है।सतीश उपाध्याय ने दावा किया कि केजरीवाल ने 2024 तक यमुना को पूरी तरह से साफ करने का वादा किया था लेकिन उन्होंने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है और अब तक यमुना का हाल बेहाल हो चुका है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार निश्चित रूप से राजधानी में कमल खेलने जा रहा है। इसके अलावा पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ जुटा हुआ है, वह एक–एक गली और बूथ में जाकर लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है।जिसके भरोसे पहली बार मालवीय नगर में निश्चित रूप से कमल खिलाने जा रहा है और दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीजेपी की सरकार बनेगी। पार्टी के कई अन्य मतदाताओं ने भी आम आदमी पार्टी की सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने सिर्फ गुंडाराज को बढ़ावा दिया है, दिल्ली में लोगों को मूलभूत सुविधाओं नहीं मिल पा रही हैं। बीजेपी के युवा मतदाताओं ने भी भरोसा जताया कि इस चुनाव में निश्चित रूप से पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

## जेवर विधायक ने ग्राम सचिवों से 40 वर्षो के एक्शन प्लान पर की चर्चा, कार्य योजना तैयार करने के दिए दिशा निर्देश

**जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बैठक में उपस्थित ग्राम सचिवों से कहा कि ष्ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर आगामी 40 वर्ष की कार्य योजना तैयार करें, जिससे हम प्रदेश सरकार से प्राप्त फंड का सदुपयोग कर सकें।ष**




आज दिनांक 03 फरवरी 2025 को जेवर स्थित खंड विकास कार्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों को विकास कार्य कराए जाने के टिप्स दिए। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के साथ उपजिलाधिकारी जेवर अभय प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी पहाड़िया के साथ साथ खंड विकास अधिकारी डॉ0 अजितेश सिंह भी मौजूद रहे।जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बैठक में उपस्थित ग्राम सचिवों से कहा कि ष्ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर आगामी 40 वर्ष की कार्य योजना तैयार करें, जिससे हम प्रदेश सरकार से प्राप्त फंड का सदुपयोग कर सकें।ष जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि श्हम गांवों के विकास के लिए सीएसआर फंड की व्यवस्था करेंगे, जिससे हम संपूर्ण गांव को विकास कार्यों से संतृप्त कर सकते हैं। जिस तरह ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत के विकास के लिए लालायित रहते हैं, आप भी उसी तरह अपनी जिम्मेदारियों को समझें। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अंत में कहा कि ष्आप निष्प्रयोज्य पंचायत भवनों की सूची संकलित करें। हम वहां स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से पहले दिन से ही रोजगार शुरू कर सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए ऐसे उद्योग पैदा करने हैं, जहां महिलाएं दिन में 01 हजार रुपए से लेकर 15 सौ रुपए तक अपने परिवार के जीवन यापन हेतु कमा सकती हैं

## बदरपुर विधानसभा सीट पर क्या बीजेपी दोबारा हासिल कर पाएगी जीत

**दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 05 फरवरी को मतदान होने हैं। ऐसे में सभी पार्टियों ने जोरो-शोरों से प्रचार करना शुरू कर दिया है। यहां पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी लड़ाई है।**



नई दिल्ली दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 05 फरवरी को मतदान होने हैं। ऐसे में सभी पार्टियों ने जोरो–शोरों से प्रचार करना शुरू कर दिया है। यहां पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी लड़ाई है। ऐसे में तीनों पार्टियों के उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरकर जनता के बीच वोट मांग रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दिल्ली की बदरपुर विधानसभा सीट पर जनता किस पार्टी के प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि चुनती है।

राम सिंह नेताजी पर ।।च ने जताया भरोसा

बता दें कि आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर से राम सिंह नेताजी को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है। तो वहीं कांग्रेस की तरफ से अर्जुन सिंह भड़ाना ताल ठोंक रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने इस बार बदरपुर विधानसभा सीट से नारायण दत्त शर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

कौन मार सकता है बाजी

ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार बदरपुर सीट से कौन से पार्टी का प्रत्याशी जीत दर्ज कर सकते हैं। जहां आप मुखिया अरविंद केजरीवाल रैलियों में दिल्ली सरकार के कामों को गिनवा रहे हैं। तो वहीं भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने आप पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोपों की बौछार कर दी है।साल 2020 के चुनावी नतीजों पर नजर डाले, तो बदरपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आप प्रत्याशी राम सिंह नेताजी को शिकस्त दी थी। भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी को 90,082 वोट मिले थे। वहीं आप प्रत्याशी राम सिंह नेता जी को 86,363 वोट मिले थे। इसके साथ ही बसपा प्रत्याशी नारायण दत्त शर्मा तीसरे नंबर पर थे।

साल 2015 में इस सीट से आप प्रत्याशी रहे नारायण दत्त शर्मा ने जीत हासिल की थी। नारायण दत्त शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी को शिकस्त दी थी। वहीं कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से राम सिंह नेताजी ने चुनाव लड़ा था। लेकिन उनको तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था।

## AAP ने लगाए थे आरोप, अब दिल्ली पुलिस ने जारी किया डेटा

नई दिल्ली 03फरवरी (एजेंसी) दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में जनवरी 2025 में 2024 और 2023 की समान अवधि की तुलना में कई श्रेणियों में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। जनवरी 2025 में हत्या के प्रयास के मामलों की संख्या घटकर 50 हो गई, जो 2024 में 71 मामलों और 2023 में 59 मामलों से काफी कम है। आंकड़ों के अनुसार, डकैती के मामलों में भी गिरावट देखी गई, जनवरी 2025 में 103 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में 146 और 2023 में 111 मामले दर्ज किए गए। इसी तरह, स्नैचिंग की घटनाओं में भी भारी गिरावट देखी गई। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 में बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (च्वबैव) अधिनियम के मामलों की संख्या 101 थी, जो 2024 में 134 मामलों और 2023 में 140 मामलों से कम है।

## क्या कर्नाटक कांग्रेस में शुरू हो गई कलह? सिद्धारमैया के सलाहकार ने दिया इस्तीफा




नई दिल्ली 03फरवरी (एजेंसी) कर्नाटक के अनुभवी राजनेता बी आर पाटिल ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के राजनीतिक सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे राज्य कांग्रेस में मंथन और आंतरिक सत्ता की गतिशीलता एक बार फिर सामने आ गई है। सिद्धारमैया के कट्टर वफादार माने जाने वाले पाटिल का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस में सत्ता संघर्ष चल रहा है, जो पिछले महीने सिद्धारमैया समर्थक नेताओं द्वारा आयोजित रात्रिभोज बैठकों में सामने आया था। झगड़े के केंद्र में एक कथित सत्ता–साझाकरण समझौता है बारी–बारी से मुख्यमंत्री पद का फॉर्मूला जिसके अस्तित्व को सिद्धारमैया ने बार–बार नकारा है।इसे भी पढ़ेंरू माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के उत्पीड़न से निपटने के लिए अध्यादेश की तैयारी, डिप्टी ब्ड शिवकुमार ने दी जानकारीऐसा कहा जाता है कि कलबुर्गी जिले के अलंद से चार बार के विधायक सीएम द्वारा उन्हें महत्व नहीं दिए जाने से नाराज थे। पाटिल कलबुर्गी क्षेत्र से हैं जहां शिवकुमार का प्रभाव बहुत कम है। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गढ़ है और कहा जाता है कि पाटिल के खड़गे के बेटे और राज्य मंत्री प्रियांक खड़गे के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। सिद्धारमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा मैं उससे बात करूंगा. इस्तीफा बेंगलुरु से आया था, मैंने उसे नहीं पढ़ा। सूत्रों ने कहा कि प्रियांक का कलबुर्गी में काफी प्रभाव है और पाटिल सीएम से निकटता के बावजूद खुद को दरकिनार महसूस कर रहे थे। 2023 में पार्टी के सत्ता मेंआने पर पाटिल को मंत्री पद मिलने की संभावना थी, लेकिन यह स्थान प्रियांक और जिले के एक अन्य विधायक शरण प्रकाश पाटिल के पास चला गया। बाद में सिद्धारमैया ने उन्हें संतुष्ट करने के लिए उन्हेंअपना राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया। सूत्रों ने कहा कि वह शासन मेंअपनी सीमित भूमिका से नाखुश थे। सिद्धारमैया भी शायद ही कभी उन्हें राजनीतिक झगड़ें में शामिल करते थे और धन की कमी के कारण वह अपने निर्वाचन क्षेत्र मेंविकासात्मक परियोजनाओं को सुरक्षित करने में विफल रहे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# दलित युवती की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

अयोध्या(एजेंसी )। अयोध्या कोतवाली के सहनवां गांव में दलित युवती की जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने सोमवार को वारदात का खुलासा कर दिया। इस मामले में बढ़ते राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने मिल्कीपुर में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका खुलासा किया। मामलें में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नायर ने बताया कि हरि राम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह ने शराब के नशे में अपराध को अंजाम दिया और घटना के बाद शव को नहर में फेंक दिया। हालांकि पुलिस ने वारदात कैसे अंजाम दी गई और मृतका से दुष्कर्म आदि को लेकर कोई ब्योरा मीडिया से साझा नहीं किया है। पुलिस की ओर से जारी सूचना के अनुसार दलित युवती की हत्या मामले में हरीराम कोरी पुत्र झूरे, विजय साहू पुत्र गुड्डू साहू और दिग्विजय सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के सहनवां गांव के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि घटना के सफल अनावरण के लिए चार टीमों का गठन किया गया है और मुखबिर की सूचना व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए पुलिस द्वारा गिरफ्तारी अंजाम दी गई है। बताया गया है फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपियों को दंडित कराया जाएगा।

# मिल्कीपुर उपचुनाव तैयारी का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा



अयोध्या(एजेंसी )। 273–मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव 2025 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के साथ राजकीय इंटर कालेज में 5 फरवरी 2025 को होने वाले मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान के दृष्टिगत कल 4 फरवरी को मिल्कीपुर के लिए पोलिंग पार्टियां की रवानगी की तैयारी, मतगणना की तैयारियों, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरा से निगरानी आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग का कार्य, मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे, लाइट एवं साउंड की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, कुर्सी, टेन्ट, बैठने की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने मतगणना के दौरान स्ट्रांग रूम, मशीने जमा करने, कार्मिको की टेबिल के बारे में, प्रत्याशियों के एजेंट, ड्यूटी पर लगाए गए कार्मिकों की सुविधाओं व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरूद्व प्रताप सिंह, रिटर्निंग ऑफिसरध्उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कम्पनी के कर्मचारी को फटकार, एसडीएम ने दिया पैमाइश का निर्देश

सोहावल–अयोध्या(एजेंसी )।तहसील क्षेत्र की पश्चिमी सीमा पर पिरखौली गांव के पास अपना सी एन जी प्लांट लगा रही रिलायंस कंपनी और पिरखौली के दो किसानों के भूमि पर कब्जेदारी को लेकर पेंच फंस गया है। दबंगई पर उतारू कंपनी के जिम्मेदारों को तलब कर उप–जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार के साथ विवादित भूमि पर किसी भी निर्माण पर रोक लगा दी है। आरोप है कि रिलायंस ने अपने प्लांट के लिए रुदौली तहसील में लगभग 6 हे0 भूमि क्रय की है लेकिन कब्जेदारी के दौरान सोहावल तहसील के दो किसानों की भूमि जबरन हथिया ली है। इस पर निर्माण शुरू किया तो किसानों ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। महीनों से न्याय के लिए किसान भटक रहे हैं। सोमवार को मामले को लेकर तहसील मुख्यालय में हुई बैठक में किसान मंहगू राम और सुनने पुत्र सियाराम , गाटा संख्या 112 स रकबा 0.400 हे0 और 112 अ स 0.081 हे0 ने आरोप लगाया भूमि को जबरन रिलायंस ने कब्जा कर निर्माण शुरू कर दिया है। प्रशासन के रोक के बावजूद कंपनी के जिम्मेदार मान नहीं रहे हैं। दोनों परिवार के आगे जीवन मरण का प्रश्न खड़ा हो गया है। निर्माण इकाई की ओर से पेश हुए रणधीर कुमार और अशोक सैनी पर फटकार लगाते हुए उप–जिलाधिकारी ने तहसीलदार को पैमाइश कराने का निर्देश देते हुए रिलायंस के जिम्मेदारों को पैमाइश पूरी होने तक किसानों के खाते की भूमि पर किसी भी तरह के निर्माण न करने की हिदायत कंपनी को दी है। निर्देश का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। तहसीलदार सोहावल सुमित सिंह ने कहा कि किसानों का हित सर्वोच्च है। मामले की पैमाइश का निर्देश हुआ है। इसके बाद ही कोई निर्माण रिलायंस कर पायेगी। जल्दी ही राजस्व की टीम मामले का मौके पर पड़ताल कर रिपोर्ट दे देगी।

# मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान करें सुनिश्चित :भूपेन्द्र सिंह चौधरी




अयोध्या।(एजेंसी ) इनायत नगर के ऑस्कर केरला पब्लिक स्कूल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मंडल प्रवासियों तथा शक्ति केन्द्र प्रवासियों के संग बैठक कर मतदान के दिन की रणनीति पर मंथन किया। पदाधिकारियों से चुनावी तैयारियों की रिर्पोट ली। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी मंडल प्रवासी तथा शक्ति केन्द्र प्रवासी बूथ पदाधिकारियों तथा पन्ना प्रमुख के साथ मिल कर मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान की योजना बना लें। मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। शक्ति केन्द्र के प्रवासी सभी बूथ पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हर घर मतदाता पर्ची पहुंचाएं। जिन घरों में मतदाता पर्ची नही पहुंची है उसे जल्द पहुचाने के लिए कहे। वोटिंग के दिन शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। वोटिंग कैम्प में मतदाताओं के सहयोग के लिए कार्यकर्ता मौजूद रहें। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा वोटिंग के दिन कार्यालय पर वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहें तथा लगातार बूथ लेबल के कार्यकर्ताओं के सम्पर्क में रहें। बूथ पर आ रही प्रशासनिक तथा अन्य दिक्कतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराएं। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर शक्ति केन्द्र के प्रभारी बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुखों से मतदान पर्ची को लेकर अपडेट लेते रहें। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में बूथ के सभी कार्यकर्ता वोटिंग के दिन लगातार एक्टिव रहें। मतदाताओं से मतदान की अपील करते रहें।

# मिल्कीपुर का चुनाव नहीं, चुनौती : अखिलेश यादव

## -कहा-वस्त्र पहन लेने से कोई नहीं होता योगी, मिल्कीपुर में चल रहा मिलन का कुंभ



मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी )। मिल्कीपुर उपचुनाव नहीं चुनौती है। जनता बनाम शासन का चुनाव है। जनता व प्रशासन के बीच चुनाव होगा। यह चुनाव आगे की राजनीति की दिशा और दशा तय करेगा। वस्त्र से योगी नहीं विचार से योगी होते हैं। सत्य को छिपाने वाला कभी भी योगी नहीं हो सकता। मृत्यु सबसे बड़ा सच है। किंतु मृत्यु पर भी झूठ बोल रहे हैं। सतयुग से लेकर कलयुग तक सनातन परंपरा कभी टूटी नहीं है किंतु वर्तमान सरकार में कुंभ के हादसे को छिपाया है। सच न बोल पाने वाले जनता के हित में कोई फैसला नहीं ले पाते।

यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र स्थित कल्याणपुर इंटर कॉलेज के पास मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मिल्कीपुर चुनाव में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में सोमवार को चुनावी जनसभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रहे। चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सबसे पहले कल्याणपुर इंटर कॉलेज परिसर में स्वर्गीय मित्र सेन यादव के समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। तदुपरांत चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मेंसमाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अयोध्या को वर्ल्ड क्लास की सिटी बनाऊंगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि बीजेपी ने जानबूझकर मिल्कीपुर का उपचुनाव टाल दिया था लेकिन जनता इसका हिसाब लेकर रहेगी। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के परिणाम को लेकर लखनऊ वालों को नींद नहीं आ रही है जब से लोकसभा चुनाव हारे हैं तब से उन्हें हैरानी बढ़ गई है। यह सम्मान यदि किसी ने बढ़ाया है तो वह अयोध्या की जनता का सबसे बड़ा श्रेय है। पूरे देश में महाकुंभ की चर्चा है। लेकिन दूसरा कुंभ मिल्कीपुर में समाजवादियों का है। जो की मिलन का कुंभ है और सांप्रदायिक राजनीति को खत्म करेगा। अयोध्या की सम्मानित जनता ने अवधेश प्रसाद को लोकसभा चुनाव जिताकर सांप्रदायिक राजनीति को समाप्त किया है।प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की घटनाओं की कल्पना नहीं किए जाने की बात कही तथा स्नान के शुरू होने के बाद स्नान करने वालों की गिनती तो बता रहे हैं किंतु भगदड़ में मरने वालों की संख्या और लापता लोगों की संख्या अभी तक नहीं बता पाए हैं। घटना के समय ही यदि सरकार सही फैसले ले लेती तो आज लोगों की जान न जाती बहुत से लोग अभी भी लापता हैं। 100 घंटे से ज्यादा हो गए हैं करोड़ों लोगों की व्यवस्था का ऐलान करने वाले लोग स्नान नहीं कर सके हैं। और स्नान करने पहुंचे लोगों को वापस खदेड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कुंभ की शुरुआत करने का झूठा दावा कर रहे हैं। जबकि कुंभ का शुभारंभ कन्नौज के राजा रहे हर्षवर्धन के जमाने से हुआ था। उन्होंने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र की घटना पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए कहां कि फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद का दिल द्रवित हो गया और वह रो उठे थे, उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने नाटक और ढोंग बताया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मित्र सेन यादव हमेशा गरीबों पीड़ितों और शोषितों की लड़ाई लड़ते आए हैं और वह हमेशा अन्याय के खिलाफ खड़े रहते थे। उन्होंने सपा सरकार में चलाई गई एंबुलेंस और 100 नंबर व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उसे भी प्रदेश सरकार ने पूरी तरह से बर्बाद कर रखा है। उन्होंने कहां कि भ्रष्टाचार जिस तरह से उत्तर प्रदेश में बढ़ा है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। नौ बार स्वयं मिल्कीपुर आए और सरकार के 9 मंत्री भी मिल्कीपुर क्षेत्र में लगा दिए जो चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों एवं बूथ लेवल अफसर से गुफ्तगू कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि योगी के इशारे पर यह सब हो रहा है। उन्होंने अयोध्या के विकास के खिलाफ स्वयं को कभी ना रहने का ऐलान किया और कहा कि प्रदेश सरकार अयोध्या के किसानों की जमीन का मुआवजा न देकर उनकी जमीन छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बाहर वाले फाइव स्टार होटल बनाना चाह रहे हैं। अयोध्या में अब तक हुई रजिस्ट्री सार्वजनिक कर दी जाए सब पोल खुल जाएगी। सबसे बड़े माफिया बीजेपी वाले ही निकलेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी क्रिकेट स्टेडियम उन्होंने नहीं बनाया जबकि समाजवादियों द्वारा बनाए गए कान्हा जैसे वर्ल्ड क्लास के स्टेडियम में ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया था। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि अब संविधान के पीछे पड़े हैं जब–जब मौका मिलता है संविधान की धज्जियां उड़ाते रहते हैं लेकिन उन्हें नहीं मालूम है कि बाबा साहब भगवान की तरह है बीजेपी वाले याद रखो संविधान हमारे संजीवनी है, हमारा कवच है। पीडीए का प्रकाश स्तंभ है। पीडीएके लोग संविधान की रक्षा करते रहेंगे। योगी बीजेपी वालों के भी नहीं है।

# अखिलेश को नही मिला प्रभु रामलला के दर्शन करने का समय : भूपेन्द्र

## -भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा प्रमुख के अयोध्या आने के बाद किया सवाल



अयोध्या(एजेंसी )। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के अयोध्या आने के बाद भी रामलला का दर्शन न करने पर सवाल खड़ा किया है। इनायतनगर के आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव उपचुनाव के प्रचार में अयोध्या आए है। इससे पहले भी वह अयोध्या आ चुके है। प्रभु राम का दर्शन करने के लिए उन्हें समय नहीं मिला। लेकिन सियासत वह जरुर करते है।उन्होंने कहा कि सपा के लोग सनातन धर्म व साधू संतो के बारें में टिप्पणी करते रहते है। उनका स्वभाव व चरित्र सनातन का विरोध करने का रहा है। मुलायम व अखिलेश की सरकार में जिस तरह से अराजकता, गुंडागर्दी, बेइमानी व भ्रष्टचार रहता था। उस समय पूरी सरकार अराजक तत्वों के संरक्षण में खड़ी रहती थी। इस प्रकार की लगातार घटनाएं रही है। जिसमें सपा का चरित्र माफियाओं व अपराधियों के साथ खड़ा होने का रहा है। आज भाजपा सरकार है। यूपी के विकास के लिए सरकार ने काम किया है। संस्कृति आस्था व विरासत के आधार पर हम आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में अपराध व अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत काम किया है। अपराधियों पर हो रही कार्रवाई की वजह से अपराध में काफी कमी आयी है। सपा की सोच व प्राथमिकताओं में अपना परिवार व जाति है। सपा के लोग अपनी पारिवारिक विरासत को लेकर आगे बढ़ते है। भाजपा हमेशा 140 करोड़ की विरासत को लेकर आगे बढ़ती है। सपा के समय अयोध्या में किस प्रकार गतिविधि होती थी, कारसेवको के नरसंहार का काम सपा की सरकार में हुआ है। आज अयोध्या के विकास के लिए सरकार ने जो काम किया है। उसकी चर्चा हर जगह हो रही है। जिस प्रकार से 500 वर्षो के संघर्ष के बाद भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है और लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे है। आज उत्तर प्रदेश निश्चित रुप से देश में सर्वाधिक धार्मिक पयर्टन वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश आज बदलता हुआ प्रदेश सबसे सामने है। इसी आधार पर जनता के बीच में है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशू दूबे, जिला मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, बब्लू मिश्रा मौजूद रहे।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं का बसंत, आंकड़ा एक करोड़ के पार

## -महाकुम्भ से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी
## -आस्था का केंद्र बना हुआ है राम मंदिर और हनुमानगढ़ी



अयोध्या(एजेंसी )। रामनगरी ने इस बार एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। 26 जनवरी से बसंत पंचमी यानी तीन फरवरी तक अयोध्या में एक करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। इसे श्रद्धालुओं का बसंत माना जा रहा है। राम की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। चौकस प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच अयोध्या पहुंचने वाला हर श्रद्धालु गदगद है और श्रीराम के साथ–साथ मोदी और योगी के भी जयकारे लगा रहा है। वहीं सोमवार को वसंत पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान व दर्शन पूजन किया। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार प्रयागराज में महाकुम्भ लगा है। पहले ही अनुमान लगा लिया गया था कि महाकुम्भ में पहुंचने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखने के लिए शासन के अधिकारियों की भी फौज उतार दी थी। सख्त निर्देश दिए थे कि किसी भी श्रद्धालु को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। दो फरवरी को मिल्कीपुर में जनसभा के बाद भी अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था। अयोध्या में बसंत पंचमी पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया। दोपहर बाद तक स्नान और दान का सिलसिला जारी रहा। इस बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिये मठ–मन्दिरों का रुख किया। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र राम मंदिर बना हुआ है। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट ने व्यापक इंतजाम किए हैं। दर्शन के लिए 18 घंटे मंदिर खोला जा रहा है। वहीं हनुमान गढ़ी मेंभी प्रतिदिन श्रद्धालुओं की कतार दिखाई पड़ रही है।

बसंत पंचमी की अयोध्या के मठ मन्दिरों में धूम है। साधु–संतों ने रंग खेला। इस दौरान गर्भगृह में विराजमान भगवान को भी अबीर गुलाल लगाया जाता है। बसंत पंचमी पर गर्भगृह में विराजमान रामलला को नए पीले वस्त्र धारण कराए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार रामलला को गुलाल भी लगाया गया। प्रसाद स्वरूप अर्चकों ने भी परस्पर गुलाल लगाया। खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया।

प्रयागराज में स्नान करने के लिए एक बड़ा क्षेत्र है, लेकिन अयोध्या में श्रद्धालुओ के केंद्र पर रामलला ही हैं। ऐसे में एक ही जगह पर बड़ी संख्या में एकत्रित भीड़ को संभालना आसान नहीं था, लेकिन प्रशासनिक सूझ–बूझ व अधिकारियों की रणनीति ने इसे आसान बना दिया। आईजी प्रवीण कुमार बताते हैं की रोड डायवर्जन कर दिया गया है। इसके अलावा पार्किंग के भी इंतजाम किये गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा मानकों के आधार पर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि हमारे अधिकारी 24 घन्टे मेला क्षेत्र में निगरानी बनाये हुए हैं। 25 से 30 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम हैं। इसके अलावा खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में भेजने के लिए वाहन लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

# गरीब गिड़गिड़ाता रहा पर नहीं पसीजा दिल

## 'ठेला लगाने वाले गरीब से सीएमओ कार्यालय में लिया गया जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पैसा

मीरजापुर(एजेंसी )। भ्रष्टाचार का पर्याप्त बन चुके मिर्जापुर सीएमओ कार्यालय में बिना जेब ढीला किया कोई भी काम नहीं होता। इसकी बानगी सोमवार को तब देखने को मिली है, जब सीएमओ कार्यालय पर सीएमओ के खिलाफ धरने पर बैठे पत्रकारों के समक्ष एक गरीब ठेला लगा कर पेट पालने वाला व्यक्ति जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर ध्400 लिए जाने का आरोप लगाते हुए बिलख पड़ा था। फिर क्या था हंगामा खड़ा होते ही संबंधित कर्मचारी जहां थर–थर कांपते हुए दुहाई देने लगें थे तो वहीं पीड़ित व्यक्ति जो अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों को लेकर पहुंचा था वह आरोप लगाते हुए अपनी व्यथा बताते हुए बिलख पड़ा था कि वह कब से बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए भटक रहा था। मिर्जापुर सीएमओ कार्यालय में जमकर अवैध वसूली की जा रही है गाहे–बगाहे इसकी शिकायत तो सुनने में आया करती थी लेकिन सोमवार को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर गरीब से 400 रुपये लिए जाने का मामला उजागर हो गया। पीड़ित व्यक्ति ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करता है। बावजूद इसके 100 से 200 रुपये कमाने वाले से सीएमओ कार्यालय के बाबू ने 400 रुपये ले लिया। बताते चलें कि नगर के सबरी चुंगी के रहने वाले राजन गुप्ता ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करते हैं। वह सोमवार को सीएमओ कार्यालय बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र लेने पहुंचे थे। जहां उनसे संबंधित बाबू ने चार सौ रूपए लेने के बाद प्रमाण पत्र देने की बात कहीं। आरोप है कि इस दौरान पीड़ित व्यक्ति अपनी गरीबी और बेबशी का हवाला देकर गिड़गिड़ाता रहा है लेकिन संबंधित बाबू का जरा भी दिल नहीं पसीजा है। आखिरकार जब चार सौ रुपए दिए गए तो बाबू ने झट से जन्म प्रमाण पत्र थमा दिया। जिससे व्यथित होकर वह कार्यालय से बाहर निकल ही रहा था कि, बाहर पत्रकार सीएमओ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। फिर क्या था उसनी अपनी पूरी व्यथा मीडिया के समक्ष बयां कर दी थी, जिसकी जानकारी संबंधित बाबू को होते ही वह गिड़गिड़ाते हुए पैसे नहीं लेने की दुहाई देने लगें थे, जबकि पीड़ित अपनी बात पर अड़े हुए चार सौ रुपए लेकर बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र दिए जाने की बात कहता रहा है।

# सीएमओ की धमकी से आक्रोशित पत्रकार धरने पर बैठे, 'सीएमओ कार्यालय पर पत्रकारों का विरोध-प्रदर्शन

मीरजापुर(एजेंसी )। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर डाक्टर सीएल वर्मा की धमकी से पत्रकारों में आक्रोश गहराने लगा है। सोमवार को एकजुट होकर पत्रकारों ने सीएमओ कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। पत्रकारों ने कहा है कि जब तक सीएमओ का स्थानांतरण नहीं होता है तब तक वह पीछे हटने को तैयार नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पत्रकारों ने कहा कि सीएमओ की तानाशाही बर्दाश्त नहीं होगी।

पत्रकारों के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा ने कहा ष्पत्रकार धरने पर बैठे हैं! मान सम्मान किसी सत्ता के आकांक्षा के विपरीत पत्रकार फील्ड में काम करते हैं। समस्याओं को उठाते हैं शासन प्रशासन तक बात पहुंचाते हैं। पत्रकार सिस्टम की निगाहों में होता है जब जी में आए उसे अपमानित कर दिया जाए जब मन में आए उसका परिहार उड़ाया जाता हैद्द धमकी दी जाती है? लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के हकदारों के विषय में कौन सोचेगा सवाल इस बात का है! दरअसल, सीएमओ मिर्जापुर सीएल वर्मा पत्रकारों द्वारा खबर चलाने से नाराज हैं। शनिवार को लालगंज तहसील मुख्यालय पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। जहां जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की फरियाद को सुन रही थी। जबकि बगल में बैठे सीएमओ डा सीएल वर्मा मोबाइल में मग्न दिखाई दिए हैंद्द जिनका वीडियो वायरल होने तथा खबर प्रकाश में आने के बाद सीएमओ पूरी तरह से आग–बबूला हो उठें हैं। उन्होंने तानाशाह की तरह पत्रकारों को धमकाना शुरू कर दिया। समाधान दिवस पर मोबाइल में रील देखते सीएमओ का वीडियो वायरल हुआ था। खबर चलने से नाराज सीएमओ ने पत्रकार को हाईकोर्ट से नोटिस भेजने की धमकी दी है। जिसका ऑडियो वायरल हो रहा है।और तो और पत्रकारों को हाईकोर्ट से नोटिस देने की धमकी देते हुए सीएमओ डॉ सीएल वर्मा सबक सिखाने की चेतावनी देते हुए सुनाई दे रहें हैं। बड़बोले सीएमओ यहीं नहीं रुके हैं वह आगे भी बोलते हैं और पत्रकार से कहते हैं शपिछली बार रोने लगे थे पत्रकार, इस बार सही कर दूंगा। इस दौरान पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी एवं प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट शक्ति सिंह को सौंपते हुए सीएमओ मिर्जापुर के स्थानांतरण की मांग की तथा कहा कि आज हम सभी पत्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं और हम शासन से चाहते हैं कि मामले की जांच की जाए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर तत्काल कार्यवाही की जाए, ताकि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का मान सम्मान बना रहे। धरने पर बैठने वालों में वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र, जेपी पटेल, पवन त्रिपाठी, संतोष देव गिरि, अश्वनी उपाध्याय, मंगला पति द्विवेदी, बिजेंद्र दुबे, मनीष रावत, मंगल तिवारी, सुधीर सिंह, गौरव विश्वकर्मा, तापोश, इन्द्रप्रीत सिंह लकी, विनोद सिंह, नेमत खां, गुड्डू खान, रविन्द्र जायसवाल, गुफरान, रवि यादव, अंबुज, चंदन दुबे, राजू भारती, इत्यादि पत्रकार शामिल रहे हैं।

# मण्डलायुक्तव पुलिस महानिरीक्षक ने परखी विंध्याचल की सुरक्षा व्यवस्था

मीरजापुर(एजेंसी )। प्रयागराज महाकुंभ–2025 एवं बसंत पंचमी पर मां विन्ध्यवासिनी धाम में दर्शन–पूजन हेतु भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह द्वारा विन्ध्याचल धाम परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारीगण को श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने श्रद्धालुओं से वार्ता की एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद मीरजापुर के विन्ध्याचल टोल प्लाजा, नटवां तिराहा, गैपुरा चौराहा सहित अन्य भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहकर सम्पूर्ण यातायात प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर के सामने मगरमच्छ को विचरण करते देख गृहस्वामी की टंग गई सांसें

हलिया, मीरजापुर(एजेंसी )। सुरक्षित ठौर के अभाव में जलीय जीव मगरमच्छ तेजी के साथ घनी आबादी की ओर रुखद्ध करने लगे हैं। इससे ग्रामीणों के साथ–साथ पशुओं को खतरा बढ़ने लगा है। रविवार की देर रात हलिया विकास खंड के हलिया ग्राम पंचायत स्थित महादेव मजरे में राम सागर मौर्य के घर के सामने एक मगरमच्छ देख कर ग्रामीणों की सांसें तेज हो गई। बाद में ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेराबंदी कर मगरमच्छ के आंख पर टॉर्च की रोशनी डालते हुए मुंह पर बोरा फेंककर उसे पकड़कर वन विभाग को सूचना दी है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा, डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, अरविंद सहित अजय कुमार, राजकुमार वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को कब्जे में लेकर मेजा बांध के गहरे जलाशय में छोड़ा है तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का मानना है कि अदवा नदी के जलाशय से भटक कर मगरमच्छ बस्ती में आ गया था। संजोग ठीक था कि कोई जानमाल का खतरा नहीं हुआ है। समय रहते वन विभाग की टीम और ग्रामीणों ने उसे पकड़कर जलाशय में छोड दिया है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र का कहना है कि मगरमच्छ को पकड़कर मेजा बांध के गहरे जलाशय में छोड़ दिया गया है।

# ई-आफिस प्रणाली लागू एवं क्रियान्वित किए जाने के संबंध में मंडल के सभी मंडलीय एवं जनपदीय स्तरीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

मीरजापुर(एजेंसी )। अपर आयुक्त प्रशासन डॉक्टर विश्राम की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में ई–ऑफिस प्रणाली लागू एवं क्रियान्वित किए जाने के संबंध में मंडल के सभी मंडलीय एवं जनपदीय स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया कि जिन कार्यालय में अभी तक ई–ऑफिस से संबंधित आईडी पासवर्ड नहीं बना है वे यथाशीघ्र बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 1 मार्च 2025 के बाद किसी भी कार्यालय में मैनुअल कार्य नहीं किया जाएगा सभी अधिकारी अपना आईडी पासवर्ड बनवाते हुए योगदान कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र, अपर निदेशक स्वास्थ्य, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्रा, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, उपनिदेशक बेसिक शिक्षा, उप आबकारी आयुक्त श्री राम पांडे, ई डिस्टिक मैनेजर दीपचंद दीक्षित उपस्थित रहे।

# 'आप' के लिए चंडीगढ़ का अपशकुन



आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली विधानसभा चुनाव में चौका लगाने का भरपूर प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली में वापसी के लिए साम, दाम, दण्ड और भेद सभी शस्त्र चला रही है। इस चुनाव में कांग्रेस ने भी पूरा दमखम लगा रखा है और उसके निशाने पर मुख्य रूप से केजरीवाल ही हैं। मतदान से पहले के हालात तो यही बताते हैं। केजरीवाल की पार्टी कांग्रेस पर भाजपा से फंड लेने तक का आरोप लगा रही है। इस बीच चंडीगढ़ में मेयर के चुनाव ने केजरीवाल की पार्टी के लिए अपशकुन कर दिया है। वहां कांग्रेस और आप ने मिलकर मेयर का चुनाव लड़ा। आपके पास 13 पार्षद हैं और कांग्रेस के पास 6 पार्षद। आश्चर्य यह कि मेयर के चुनाव में आप और कांग्रेस को कुल 17 वोट मिल पाये जबकि भाजपा को 19 वोट मिले। इस प्रकार भाजपा प्रत्याशी हरप्रीत कौर बबला को चंडीगढ़ का मेयर निर्वाचित घोषित किया गया है। पिछले साल 20 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आप के प्रत्याशी कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया गया था क्योंकि मतदान अधिकारी ने कुछ मतपत्रों में स्वयं निशान लगाकर अवैध कर दिया था। अब कुलदीप कुमार फिर से सुप्रीम कोर्ट की शरण जाएंगे। फिलहाल, कांग्रेस पार्षदों की क्रास वोटिंग से केजरीवाल का मेयर पराजित हो गया है।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने जीत दर्ज की है। जीत के साथ ही बीजेपी की हरप्रीत कौर बबला मेयर चुनी गई हैं। सूत्रों के अनुसार इस मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग भी की है। इस चुनाव में बीजेपी को कुल 19 वोट मिले हैं जबकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को कुल 17 वोट मिले। कुल 36 वोट पड़े थे। माना जा रहा है कि तीन पार्षदों ने क्रॉस वोट किया है।बीजेपी के कुल 16 पार्षद हैं, ऐसे में आम आदमी पार्टी–कांग्रेस के तीन पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की है। अगर बात चंडीगढ़ नगर निगम में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों की संख्या की करें तो ये 13 और 6 है। बताया जा रहा है कि वोटिंग के दौरान सदन में कुल 35 पार्षद मौजूद थे। कुछ दिन पहले ही चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व जज जय श्री ठाकुर को स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। कोर्ट ने उस दौरान कहा था कि इस बार हम चंडीगढ़ मेयर पद के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने 30 जनवरी को होने वाले मेयर चुनाव के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति किया था और इच्छा जताई थी कि इस बार चुनाव निष्पक्ष हों। चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करके कहा था कि चुनाव की तारीख 20 फरवरी होनी चाहिए। उन्होंने दलील दी थी कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 20 फरवरी को ही विजेता घोषित किया था। इसलिए वे एक साल के कार्यकाल के हकदार हैं। खास बात ये है कि पिछले साल 20 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया था। सुप्रीम कोर्ट ने फिर से मतों की गणना करने के आदेश दिए थे। कोर्ट 8 अमान्य करार बैलेट मान्य करार दिए गए थे।बैलेट पेपर देखने और वीडियो देखने के बाद सुप्रीम कोर्ट रिटर्निंग अफसर अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बार हम चंडीगढ़ मेयर पद के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने 30 जनवरी को होने वाले मेयर चुनाव के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति की इच्छा जताई। चंडीगढ़ के मुख्य सचिव और नगर आयुक्त को नोटिस जारी किया गया।

हालांकि, अदालत ने चुनाव की तारीख 30 जनवरी से बदलने को इंकार किया। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम मूल चुनाव की तारीख के अनुसार चलेंगे, जिसे रद्द नहीं किया गया था। केवल नतीजों को रद्द किया गया था। चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करके कहा है कि चुनाव की तारीख 20 फरवरी होनी चाहिए। उन्होंने दलील दी है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 20 फरवरी को ही विजेता घोषित किया था। दरअसल, पिछले साल 20 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया था। सुप्रीम कोर्ट ने फिर से मतों की गणना करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने 8 अमान्य करार बैलेट मान्य करार दिए गए थे। बैलेट पेपर देखने और वीडियो देखने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने रिटर्निंग अफसर अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। इसीलिए चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व जज जयश्री ठाकुर को स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया। कोर्ट ने कहा कि इस बार हम चंडीगढ़ मेयर पद के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका लगा है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी की पार्षद गुरबख्श रावत भाजपा में शामिल हो गई हैं, जिससे कांग्रेस पार्टी को बहुत ही बड़ा नुकसान हुआ है। देखा जाए तो 7 पार्षद थे कांग्रेस के अब 6 रह गए। वहीं बीजेपी के पार्षदों की संख्या अब बढ़कर 16 हो गई है। इस चुनाव को दिल्ली विधानसभा के चुनाव से भी जोड़ा जा रहा है।

चंडीगढ़ भारत का एक संघ राज्यक्षेत्र है, जो दो भारतीय राज्यों, पंजाब और हरियाणा की राजधानी भी है। इसके नाम का अर्थ है चण्डी का किला। यह हिन्दू देवी दुर्गा के एक रूप चण्डिका या चण्डी के एक मन्दिर के कारण चंडीगढ़ कहा जाता है। 'द सिटी ब्यूटीफुल' के नाम से प्रसिद्ध चण्डीगढ़ शहर का ऐतिहासिक अतीत रहा है। जिस समतल क्षेत्र में आज का आधुनिक शहर बसा है वह पुराने समय में दलदल युक्त एक बड़ी झील हुआ करती थी। इस स्थान पर प्राप्त हुए जीवाश्म यहां अनुकूल वातावरण के कारण बड़े स्तर पर जलचर एवं जलथलचर जीवों के होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यह क्षेत्र लगभग 8000 वर्ष पूर्व की हड़प्पा सभ्यता के लिए भी जाना जाता है। मध्यकाल से लेकर आधुनिक काल तक यह क्षेत्र बृहत् एवं समृद्ध पंजाब प्रांत का हिस्सा रहा, जिसे वर्ष 1947 में देश के बंटवारे के समय पूर्व एवं पश्चिम पंजाब में विभाजित किया गया था। यह शहर न केवल पूर्व पंजाब की राजधानी के रूप में बल्कि पश्चिम पंजाब से निकाले गए हजारों शरणार्थियों को बसाने के लिए बनाया गया।मार्च 1948 में पंजाब सरकार ने भारत सरकार के परामर्श से शिवालिक की पहाड़ियों की तलहटी के क्षेत्र को नई राजधानी के रूप में अनुमोदित किया। जिस स्थान पर यह शहर बसा है वह स्थान अंबाला शहर के वर्ष 1892–93 के राजपत्र के अनुसार तत्कालीन अंबाला जिला का भाग था। शहर की नींव वर्ष 1952 में रखी गई। तदंतर, दिनांक 1 नवंबर, 1966 को पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश में राज्य के पुनर्गठित होने पर शहर को पंजाब व हरियाणा दोनों ही राज्यों की राजधानी होने का गौरव प्राप्त हुआ, जबकि शहर को केन्द्र सरकार के अधीन एक संघशासित प्रदेश घोषित किया गया। (हिफी)

# सम्पादकीय

## ट्रंप और मोदी की नीतियों में समानताएं अधिक विषमताएं कम

पिछली सदी में वैश्विकरण पर जोर था। वर्तमान में स्वदेशीकरण पर। दुनिया के अनेक देशों में अपना राष्ट्र, संस्कृति, विरासत, परंपराओं, उत्पाद और अपनी विचारधारा को प्राथमिकता दी जा रही है।

यूरोप के अधिकांश देशों में राष्ट्रवादी पार्टियां, जिनमें बहुत सी हाल में बनाई गई हैं, सत्ता के करीब आ रही हैं। पश्चिम में सबसे अमीर देश अमेरिका और पूर्व में विकासशील भारत, दोनों में राष्ट्रवाद की नई लहर जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है। ट्रंप और मोदी, दोनों की नीतियों में समानताएं अधिक हैं, विषमताएं कम।

ट्रंप अमेरिका पहलेय और अमेरिका में उत्पादनय की नीति पर चल रहे हैं, तो मोदी मेक इन इंडियाय की नीति को बढ़ावा देने पर। अनधिकृत अप्रवासियों (माइग्रेंट्स) को दोनों ही देश के लिए खतरा मानते हैं। दोनों विश्व के बड़े जनतांत्रिक देश हैं किंतु अमेरिका में राष्ट्रपति की निर्णय लेने की सवैधानिक शक्ति भारत के प्रधानमंत्री से अधिक हैं। शपथ लेते ही ट्रंप ने अपनी नीतियों के कार्यान्वयन के लिए आदेशों की झड़ी लगा दी, जो भारत के प्रधानमंत्री के लिए संभव नहीं है। यूरोप में राष्ट्रवादी पार्टियां, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है, वर्षो से सत्ता में रही पार्टियों को चुनौती दे रही हैं। यह अप्रत्याशित घटना नहीं है। आर्थिक असुरक्षा, बढ़ती बेरोजगारी, नकारात्मक जीडीपी, मुक्त आयात एवं सामाजिक असंतुलन और विद्वेष को जन्म देता अप्रवासी प्रवाह इसकी पृष्ठभूमि में है।

नीदरलैंड के उच्च सदन में सबसे अधिक सीट इस बार दक्षिणपंथी फार्मर सिटीजन मूवमेंट पार्टी ने हासिल कीं। इंग्लैंड में टोरी पार्टी के अग्रणी उम्मीदवारों के साथ–साथ लेबर पार्टी के कुछ बड़े चेहरे भी राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ाने में लगे हैं। जर्मनी में थोड़ी अवधि को छोड़ कर 2010 के बाद से वामपंथी दलों की स्थिर सरकार नहीं बन पाई। वियना में राष्ट्रवादी फ्रीडम पार्टी का गठन सुर्खियों में रहा। यूरोपीय संघ ने इस पर प्रतिबंध तक लगाए। यूरोपीय संघ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इटली का नेतृत्व मेलोनी कर रही हैं, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है।

फिनलैंड में द फिंस गठबंधन सरकार में आई जिसका झुकाव राष्ट्रवाद की ओर है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों का प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी नेता मरीन ले पेन से कड़ा मुकाबला है। अप्रवासियों और बहुसंस्कृतिवाद की घोर विरोधी स्वीडन डेमोक्रेटिक पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। ग्रीस में दक्षिणपंथी पार्टियों का संगठन सत्ता में आया है। स्पेन में स्थानीय चुनाव में राष्ट्रवादी बॉक्स पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा। पोलैंड और हंगरी में राष्ट्रवादी पार्टियां पहले से सत्ता में हैं। इस्रइल में यहूदी, अरबों को खतरा मानते हैं। अप्रवासन का सबसे अधिक असर फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और ऑस्ट्रिया पर पड़ाहै, जहां पिछले दशकों में मुस्लिम आबादी में खासी वृद्धि हुई है। अधिकांश देशों में शरणार्थी बन कर पहुंचे मुस्लिम अप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्हें पहले तो इन देशों ने गले लगाया, उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई, किंतु सामाजिक–धार्मिक संतुलन आशातीत नहीं हो पाया, बढ़ते अपराधों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

पेरिस स्थित इंस्टीटयूट मोंटेगनेज की यूरोप प्रोग्राम की निदेशक जार्जिना राइट का मानना है कि राष्ट्रवादी पार्टियों का यूरोप में जागरण मुख्यधारा की राजनीति से लोगों की नाराजगी है, जिनके पास इन मुद्दों का जवाब नहीं हैरू खुली सीमा बॉर्डर और राष्ट्रीय पहचान, पारंपरिक मूल्यों में गिरावट, वैकरण का विरोध और बेहतर भविष्य की गारंटी एवं सरकारों का नागरिकों की सुरक्षा और जिंदगी बेहतर बनाने वाले निर्देशों पर नियंत्णका अभाव। अधिकांश यूरोपीय देश अप्रवासन की कड़ी नीति अपना सकते हैं। भारत सहित अन्य विकासशील एवं एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के गरीब देशों के लोगों का पश्चिम के विकसित देशों में अवैध रूप से जाना और कठिन हो जाएगा। अमेरिका में सबसे अधिक अवैध अप्रवासी उसके पड़ोसी देशों मैक्सिको, वेनेजुएला और ग्वाटेमाला से हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार भारत से 18,000 के अवैध प्रवासी अमेरिका में हैं।

अवैध अप्रवासन की समस्या से भारत पहले ही जूझ रहा है। 1970 के दशक में बांग्लादेश बनने के बाद से बांग्लादेशियों की घुसपैठ अब तक जारी है। 2007 में भारत के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री ने कहा था कि देश में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। 2014 में सीबीआई के एक पूर्व डायरेक्टर के अनुसार इनकी संख्या 5 करोड़ से ऊपर हो चुकी थी। देश के अधिकांश हिस्सों में बांग्लादेश के घुसपैठिए बड़ी संख्या में बस गए हैं, जिनके पास दलालों और स्थानीय नेताओं की मेहरबानी से नागरिकता संबंधी फर्जी दस्तावेज, राशन कार्ड भी हैं, सरकार की लोक कल्याण की योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। उन्हें बाहर निकालने की बात तो सरकारें करती रही हैं किंतु इच्छाशक्ति का अभाव है, और अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। प. बंगाल और असम की डेमोग्राफी को तो बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों ने बदल ही दिया है। दोनों राज्यों के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या मूल निवासियों से अधिक हो गई है। म्यांमार से आए रोहिंग्या की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ रही है। गृह मंत्रालय के अनुसार 40,000 से अधिक रोहिंग्या बिना दस्तावेज भारत में रह रहे हैं।

मुक्त व्यापार पर भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंधा विश्व व्यापार को प्रभावित कर सकते हैं। प्रतिबंधों का मुख्य कारण है अमेरिका का बढ़ता व्यापार घाटा–आयात में वृद्धि और निर्यात में कमी। चीन, भारत, ब्राजील और अन्य देशों, जो अमेरिका के बड़े व्यापारिक साझेदार हैं, पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी इन देशों के लिए अहितकर हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और अन्य संस्थाओं–विश्व व्यापार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि पर भी राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों का असर होगा।

टैरिफ को लेकर इकतरफा नीति विश्व व्यापार संगठन के निर्देशों का

# 'इसरो' का अंतरिक्ष में शानदार शतक



वर्ष 2025 की शुरुआत में ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 100वां उपग्रह सफलता पूर्वक प्रक्षेपित का शानदार शतक जमाया। यह शतक हिन्दुओं के पुण्यदायी त्योहार मौनी अमावस्या अर्थात 29 जनवरी को लगा है तो इसके नतीजे भी काफी अच्छे माने जा रहे हैं। श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से इसरो की टीम ने जीएस एलवी–एफ–15/एनवीएस–02 मिशन का सफल प्रक्षेपण किया है। यह उपग्रह जमीन, आसमान और समुद्र पर एक साथ नजर रख सकने में सक्षम है। सुरक्षा की दृष्टि से यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इससे कृषि प्रधान देश भारत में कृषि से जुड़े मुद्दों पर सटीक जानकारी मिलेगी। इस नये उपग्रह से अन्य उपग्रहों के कक्षा निर्धारण में मदद मिलेगी। इसरो ने श्री हरिकोटा से ही 10 अगस्त 1979 को पहला राकेट लांच किया था। यह राकेट सैटेलाइट लांच व्हीकल था। अब लगभग 46 साल बाद 50.9 मीटर लम्बे जीएसएलवी–एफ–15 को लांच किया गया है जो जीएसएलवी राकेट की 17वीं पीढ़ी है। यह स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण वाली 11वीं उड़ान है। जीएसएलवी एफ–12 सन् 2023 की 29 मई को नेविगेशन उपग्रह एनवीएस–1 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में ले गया था। अब उसका दूसरा चरण पूरा हुआ है। इसरो अंतरिक्ष में मानव मिशन की तैयारी भी कर रहा है।

इस प्रकार भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने इतिहास रच दिया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से इसरो ने 29 जनवरी को अपना 100वां मिशन लॉन्च कर दिया। इसरो ने जीएसएलवी–एफ15/एनवीएस–02 रॉकेट को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में भेज दिया है। इस मिशन के लॉन्च होने के बाद भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इस उपग्रह के सफलतापूर्वक लॉन्च होने की जानकारी इसरो ने एक्स पर दी है। इसरो की ओर से बताया गया कि मिशन सफल हो गया है। जीएसएलवी–एफ15/एनवीएस–02 अंतरिक्ष में भेज दिया गया है। अंतरिक्ष नेविगेशन में भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को अपना 100वां मिशन पूरा करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्रीहरिकोटा से 100वें लॉन्च की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए इसरो को बधाई। इस रिकॉर्ड उपलब्धि के ऐतिहासिक क्षण में अंतरिक्ष विभाग के साथ जुड़ना सौभाग्य की बात है। इसरो की टीम ने मिशन के सफल प्रक्षेपण से एक बार फिर भारत को गौरवान्वित किया है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह ने साइंटिस्ट विक्रम साराभाई, सतीश धवन को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों द्वारा की गई विनम्र शुरुआत के बाद यह एक अद्भुत यात्रा रही है। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र को अनलॉक किया और यह विश्वास जगाया कि आकाश की कोई सीमा नहीं है। जीएसएलवी–एफ–15 सैटेलाइट एनवीएस–02 को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित करेगा। यह सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम का हिस्सा है, जो भारत में नेविगेशन सुविधा को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। ये भी बताया गया था कि ये कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल तक का हिस्सा कवर करेगा। इससे न केवल सड़क यात्रा, बल्कि एयर और समुद्री यात्रा के नेविगेशन में भी मदद मिलेगी।

जब से इसरो ने इस बात की घोषणा की थी कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट उसका 99वां मिशन था, तब से इस बात की बहस छिड़ गई थी कि वो अपना 100वां मिशन कब लॉन्च करेगा। तारीख 29 जनवरी, 2025 और दिन बुधवार देश और इसरो के लिए खास होने वाला था। इस दिन इसरो श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से अपनी 100वीं लॉन्चिंग की। इस उपलब्धि को हासिल करने में इसरो को 46 साल लग गए। वहीं, अब उम्मीद की जा रही है कि अगली सेंचुरी बनाने के लिए इसरो को इतना समय नहीं लगेगा।श्रीहरिकोटा से पहला बड़ा रॉकेट 10 अगस्त, 1979 को छोड़ा गया था, जब इसरो ने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएलवी) लॉन्च किया था। अब 46 साल बाद अंतरिक्ष विभाग ने शतक पूरा किया है और 29 जनवरी को सुबह 6.23 बजे जीएसएलवी–एफ15 मिशन के तहत एनवीएस–02 सैटेलाइट लॉन्च किया है। जो भारत के स्वदेशी नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन सिस्टम को आगे बढ़ाएगा।

एसडीएससी के डायरेक्टर राजाराजन ए ने कहा, "ऐसे अहम मौके पर अंतरिक्ष केंद्र का नेतृत्व करना निश्चित रूप से रोमांचक है, लेकिन यह उपलब्धि पूरे इसरो की है। कई पीढ़ियों के लोगों ने इसके लिए भरसक प्रयास किए हैं।" उन्होंने ये भी बताया कि अब भारत में लॉन्चिंग रेट में इजाफा होगा। उनका कहने का मतलब ये था कि इसरो को अपनी सेंचुरी बनाने के लिए 46 साल का समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16 जनवरी को तीसरा लॉन्चपैड (टीएलपी) को मंजूरी दी थी। ये भारत के अंतरिक्ष के दृष्टिकोण हिसाब से बेहद जरूरी था। राजाराजन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के डायरेक्शन में भारत ने गगनयान, चंद्रयान और भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतरने में सक्षम बनाने के लिए निरंतर कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इसके लिए अगली पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) को विकसित करने की जरूरत है। ये 91 मीटर लंबा होगा और मौजूदा एलवीएम3 से लगभग 2.2 गुना लंबा। एनजीएलवी में पृथ्वी की निचली कक्षा में 20–30 टन की क्षमता होगी, जो अंतरिक्ष स्टेशन मिशन और चंद्रमा पर उतरने के संचालन के लिए महत्वपूर्ण है।

राजाराजन ने कहा कि मौजूदा लॉन्चपैड एनजीएलवी की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकते। गगनयान मिशनों के लिए भी कुछ संशोधन किए जा रहे हैं। इसके लिए पूरी तरह से नए पैड की जरूरत है। श्रीहरिकोटा में स्पेसपोर्ट के भीतर बनने वाले टीएलपी के अलावा इसरो तमिलनाडु के कुलशेखरपट्टनम में एक दूसरा स्पेसपोर्ट भी बना रहा है। राजराजन ने कहा, श्रीहरिकोटा में पहला और दूसरा लॉन्च पैड अलग–अलग तरह के वाहनों को संभालते हैं। नया स्पेसपोर्ट खासतौर पर छोटे वाहनों का उपयोग करके ध्रुवीय मिशनों के लिए बनाया जाएगा। यह सेटअप ज्यादा किफायती है क्योंकि श्रीहरिकोटा से ध्रुवीय मिशनों को लॉन्च करने के लिए ज्यादा ईंधन और ऊर्जा की जरूरत होती है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है। गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है।

इसरो ने 22 जनवरी, 2025 को एक बयान में कहा, 21 जनवरी को इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष रवाना किया।श क्रू मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्षयान है, जिसे तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष की कक्षा में ले जाने और मिशन अवधि पूरी होने के बाद धरती पर सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित एलपीएससी ने क्रू मॉड्यूल को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया। इसरो के मुताबिक, क्रू मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (सीएमपीएस) एक द्वि–प्रणोदक आधारित प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) है, जिसे क्रू मॉड्यूल को सटीक 3–अक्ष नियंत्रण (पिच, यॉ और रोल) प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। इस पकार इसरो दिन प्रतिदिन भारत का गौरव बढ़ा रहा है। (हिफी)

# क्या डालर के दम पर चीन जैसे भस्मासुर से निबटेगा अमेरिका?

कमलेश पांडे ।

बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल का प्रयास करेंगे तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे।

चीन दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनना चाहता है और ऐसा वह उस अमेरिका की कीमत पर करना चाहता है जिसने उसके नवनिर्माण और समुत्थान में महती भूमिका निभाई है। हालांकि अमेरिका भी इसे भलीभांति समझ चुका है और समुपस्थित विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो के डॉलर की चिंता और उसके लिए जिम्मेदार चीन सम्बन्धी हालिया बयानों पर जब आप गौर करेंगे तो यह समझ जाएंगे कि अमेरिका की चिंता सिर्फ डॉलर की गिरती साख को ही बचाने की नहीं है बल्कि वह सोवियत संघ की भांति ही अब चीन को भी निबटाने की रणनीति पर फोकस कर चुका है। ऐसे में सुलगता सवाल यह है कि क्या अमेरिका सिर्फ डॉलर के दम पर चीन जैसे भस्मासुर से निबटेगा या फिर कुछ अन्य मौजूं उपाय भी करेगा! उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल की कवायद जिस तरह से चीन कर–करवा रहा है और इस नजरिए से ब्रिक्स देशों यानी रूस–ब्राजील आदि को ढाल बनाए हुए है, उससे अमेरिका भड़क चुका है और सम्बन्धित देशों को खुलेआम धमकियां देनी भी शुरू कर दी है। चीन के खिलाफ ताइवान का हथकंडा और दक्षिण चीन सागर विवाद को शह देने और रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़काते रहने और नाटो देशों से सहयोग दिलवाने के पीछे की व्यापक रणनीति भी तो इसी बात की चुगली करती है।

वहीं, ब्रिक्स देशों की सम्भावित वैकल्पिक मुद्रा से डॉलर के समक्ष उतपन्न होने वालों खतरों के सम्भावित दुष्परिणामों के बारे में अमेरिका ने जिस तरह से आगाह करना शुरू कर दिया है, उससे भारत समेत कतिपय ब्रिक्स देश भी सकते में हैं, आशंकित हैं और अपने बचाव में तर्क भी दे चुके हैं।गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में जब ब्रिक्स के कुछ सदस्य देश विशेष रूप से चीन–रूस अमेरिकी डॉलर का विकल्प या ब्रिक्स मुद्रा की मांग कर रहे हैं, तब भारत शडी–डॉलराइजेशनश यानी शविश्व व्यापार और वित्तीय लेनदेन में डॉलर के उपयोग में कमीश के खिलाफ है। दिसम्बर 2024 में ही भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत कभी भी शडी–डॉलराइजेशनश के पक्ष में नहीं रहा है व ब्रिक्स मुद्रा बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल का प्रयास करेंगे तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश करें और हम खड़े होकर बस देखते रहें, इस तरह के विचारों के दिन लद चुके हैं। लिहाजा, वह ब्रिक्स देशों से यह प्रतिबद्धता चाहते हैं कि वे न तो नई मुद्रा बनाएंगे और न ही किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे।वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी कहा है कि इस मसले पर चीन से हमें निबटना होगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि हम इस मुद्दे पर युद्ध नहीं चाहते हैं, लेकिन हम इस पर गौर करने जा रहे हैं। क्योंकि चीन दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनना चाहता है और वे ऐसा हमारी कीमत पर करना चाहते हैं। इससे निपटना होगा। बता दें कि चीन की वैश्विक रणनीति को लेकर अमेरिका अब सजग हो चुका है और आर्कटिक व दक्षिण अमेरिका में चीनी गतिविधियों से उतपन्न खतरे को निर्मूल करने के लिए ही ग्रीनलैंड पर कब्जा करने, पनामा नहर पर पुनः नियंत्रण पाने और कनाडा को अमेरिका में मिलाने जैसी दूरदर्शिता भरी रणनीति का आगाज समय रहते ही कर चुका है, भले ही वह पहले जितना आसान नहीं हो।

जानकार बताते हैं कि रूस–चीन–ब्राजील जैसे ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर और यूरो पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसी नजरिए से साल 2022 में 14वें ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि सदस्य देश नई रिजर्व करेंसी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने भी डॉलर के दबदबे को कम करने के लिए ब्रिक्स करेंसी बनाने का सुझाव दिया था। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक मुद्रा भंडार के रूप में डॉलर का हिस्सा 59 प्रतिशत है, जबकि दुनिया के कुल कर्ज में 64 प्रतिशत का लेनदेन डॉलर में होता है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में भी डॉलर की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। खास बात यह है कि यूरोपीय संघ बनने और उसकी मुद्रा यूरो के अस्तित्व में आने के बाद से डॉलर के दबदबे में कमी आई है, लेकिन अभी भी यह सबसे अधिक चलन वाली मुद्रा बनी हुई है। ऐसे में यदि ब्रिक्स देश भी कोई नई मुद्रा ले आते हैं तो इससे डॉलर का मूल्य घटेगा। शायद इसलिए अमेरिका अब चौकन्ना हो चुका है और इस नए सम्भावित संकट से निबटने के लिए साम–दाम–दंड–भेद की नीति अख्तियार कर लिया है। उसकी ताजा धमकियां इसी बात की चुगली कर रही हैं। ब्रिक्स देशों के बीच भारत के परिवर्तित स्टैंड से भी उसे राहत मिली है।उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स देश दुनिया के उन दस महत्वपूर्ण देशों का संगठन है, जो पश्चिमी देशों के जी–7 और नाटो जैसे दबंग देशों से समान प्रतिस्पर्धा करने के लिए खुद को एकजुट किये हुए हैं। वर्ष 2009 में स्थापित ब्रिक्स समूह में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिश्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नामक देश शामिल हैं। चूंकि यह एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय समूह है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका यानी यूएसए को शामिल नहीं किया गया है। इसी वजह से वह इस पर बिफरा रहता है।बता दें कि ब्रिक्स के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था 25.5 ट्रिलियन से अधिक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 28 प्रतिशत है। विश्व बैंक के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिक्स देशों की जीडीपी, ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर में इस प्रकार है– चीन– 17.79, भारत– 3.55, ब्राजील– 2.17, रूस– 2.02, यूएई– 0.5, मिश्र– 0.4, ईरान– 0.4, दक्षिण अफ्रीका– 0.37 और इथियोपिया– 0.16. वहीं, यूएन ट्रेड डाटाबेस के 2023 के आंकड़ों से पता चलता है कि ब्रिक्स देशों के साथ अमेरिका का व्यापार अरब यूएस डॉलर में इस प्रकार है– भारत से निर्यात– 40.1, आयात– 87.3, चीन से निर्यात– 147.8, आयात– 448, ब्राजील से निर्यात–44.8, आयात– 41, यूएई से निर्यात– 24, आयात– 00, इंडोनेशिया से निर्यात– 00, आयात– 28.1, सऊदी अरब से निर्यात– 13.9 और आयात– 16.5, अन्य सदस्य देश से निर्यात– 23.5 और आयात– 29.

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि

# फांसी के फन्दे से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम



लालगंज प्रतापगढ़। फांसी के फन्दे से लटक कर युवक ने जान दे दी। इसकी जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। युवक की मौत के कारणों को लेकर परिजन कुछ नहीं बोल रहे हैं। उदयपुर थाना के उछापुर गांव निवासी रामशिरोमणि सरोज उर्फ अम्बुज 25 पुत्र रामप्यारे सरोज का शव सोमवार सुबह घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार रामशिरोमणि सुबह चाय पीने के बाद दरवाजे पर टहल रहा था। इसी बीच किसी का फोन आने पर वह घर के अंदर कमरे में चला गया। काफी देर तक उसके बाहर न निकलने पर परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे पंखे में रस्सी के सहारे फांसी पर लटका देख चीख पड़े। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोगों की भीड़ जुट गयी। शव को फंदे से उतार कर लोग सांगीपुर सीएचसी ले आये। लेकिन यहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। वह नेट क्वालीफाइड था और ऑनलाईन कोचिंग चलाता था। उसका विवाह भी तय हुआ था। प्रभारी थानाध्यक्ष कैलाश यादव का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व संस्कृत प्रवक्ता गिरीश मिश्र के निधन पर जताया गया दुख

लालगंज प्रतापगढ़। क्षेत्र के इनहन भवानी धाम निवासी पूर्व संस्कृत प्रवक्ता गिरीश मिश्र 80 के आकस्मिक निधन पर सोमवार को शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। स्वर्गीय गिरीश मिश्र क्षेत्र के संस्कृत विद्वान दण्डी स्वामी स्व. वैभवानंद सरस्वती जी महराज के ज्येष्ठ पुत्र भी थे। वही राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्व. मिश्र के निधन को दुखद ठहराया है। राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में हुई शोकसभा में प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल ने शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्गीय मिश्र के योगदान को अविस्मरणीय ठहराया। संस्कृत शिक्षक समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र, डॉ. बृजेश मिश्र, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राकेश तिवारी गुडडू शैलेन्द्र मिश्र, डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, डॉ. सौरभ मिश्र ने भी स्वर्गीय गिरीश मिश्र के निधन को पीड़ाजनक कहा है।

# हत्या के दर्ज मुकदमें का वांछित धराया, भेजा गया जेल




लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने बोलेरो से टक्कर मारकर युवक की हत्या के दर्ज मुकदमें के एक वांछित को सोमवार सुबह धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया। दरोगा अशोक कुमार यादव सोमवार सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर विकास नगर तिराहे से हत्या के दर्ज मुकदमें के एक वांछित को धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि वांछित सचिन मिश्र पुत्र गिरजाशंकर मिश्र निवासी सरायनाभ मजरे बैरमपुर, सलोन जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी ने अपने दोस्त विपिन तिवारी के जमीन के विवाद के कारण दोस्तों के साथ मिलकर बोलेरो से टक्कर मारकर युवक की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया।

# युवती के अपहरण का केस

लालगंज प्रतापगढ़। युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित मां का आरोप है कि बीती शनिवार की शाम करीब सात बजे बहादुरपुर मुस्तफाबाद गांव निवासी मो. वाहिद पुत्र झंगू अहमद उसकी बालिग पुत्री का अपहरण कर ले गया। पीड़िता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका भी जतायी है। जांच के बाद उदयपुर पुलिस ने आरोपी मो. वाहिद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध



लालगंज प्रतापगढ़। लीलापुर क्षेत्र स्थित गुरूकुल एकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा। विद्यालय की छात्रा श्रेया, महक, श्वेता, महिमा, ज्योति, मनीषा, मीनाक्षी आदि के द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बसन्त गीत, विदाई गीत आदि की प्रस्तुतियां दी गयी। आराध्या रिसॉर्ट मिश्रपुर में आयोजित विद्यालय के रजत जयन्ती वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाएं आज पूरे देश में अपनी मेधा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार पर भी जोर दिया। विशिष्ट अतिथि कमलेश बहादुर सिंह व सूबेदार सिंह राणा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप तिवारी ने किया। प्रधानाचार्य विनोद तिवारी ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक अनिल शुक्ल मधुकर ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर मो. मोबीन, सतीश तिवारी, नरेन्द्र पाण्डेय, तीरथ प्रसाद मिश्र, पिंकी सिंह, प्रतिमा सिंह, यज्ञ नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अखाड़ों के अमृत स्नान में दिखी विश्व बंधुत्व की मिसल

महाकुम्भ नगर(एजेंसी )। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली। सनातन धर्म के रक्षक अखाड़ों के संतों, महंतों, मंडलेश्वरों और महामंडलेश्वरों को भव्यता के साथ संगम तक पहुंचाने में अल्पसंख्यक समाज भी पीछे नहीं रहा। कहीं रज्जाक के रथ पर संत जाते हुए दिखे तो कहीं इकबाल और नौशाद का बैंड अमृत स्नान के उत्साह को दोगुना करता नजर आया।अखाड़ों की शोभा यात्रा में कई बैंड पार्टी मुस्लिम समुदाय की थी। मो इकबाल अहमद का आजाद बैंड, नौशाद और शमशाद का ग्रेट मास्टर बैंड समेत दूसरी बैंड पार्टियां रथों के आगे धार्मिक गीत बजाते चल रही

# शैक्षिक ढ़ांचे की मजबूती के साथ रामपुरखास में बुनियादी विकास का दिखेगी मजबूत चमक-मोना



लालगंज प्रतापगढ़। बसन्तोत्सव पर आयोजित शैक्षिक समारोह में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मेधावियों को लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं विधायक ने विद्यालयों को विधायक निधि से शैक्षणिक कक्ष के लिए दो–दो लाख रूपये व एक–एक सोलर लाइट की भी सौगात सौंपी। सोमवार को सिलौधी स्थित बेनीमाधव इण्टरमीडिएट कालेज में बसन्त पंचमी पर हुए शैक्षिक महोत्सव का विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। यहां विधायक मोना ने विद्यालय के हाईस्कूल के मेधावी अंकुल गुप्ता तथा इण्टर की छात्रा संध्या मौर्य को सरयू समाज कल्याण संस्थान की ओर से लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में देश के मान को बढ़ा रही हैं। हाल ही में अण्डर–19 टी टवेन्टी में भारतीय महिला टीम के द्वारा चौम्पियन ट्राफी हासिल करने को उन्होने देश के लिए बड़ी उपलब्धि कहा। उन्होनें कहा कि रामपुरखास में शैक्षिक ढांचे को विकास की बुनियादी मजबूती देने के लिए वह क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाने में सदैव तत्पर रहेंगी। उन्होने कहा कि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के सहयोग से मेधावियों को बेहतर शिक्षा के साथ यहां सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने विद्यालय में शैक्षणिक कक्ष के लिए विधायक निधि से दो लाख रूपये तथा एक सोलर लाइट की सौगात भी सौंपा। सौगात पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवी सहाय बाजपेई व संयोजन उप प्रबन्धक प्रवीण त्रिपाठी ने किया। इसके पहले विधायक मोना ने लखनसूरपुर में चन्द्रशेखर मिश्र इण्टरमीडिएट कालेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुई। यहां उन्होने सरयू समाज कल्याण संस्थान के बैनरतले विद्यालय के मेधावी हाईस्कूल के छात्र आयूष तिवारी व इण्टर की छात्रा अंजू उपाध्याय को लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक आराधना मिश्रा ने विद्यालय में शैक्षिक भवन के लिए यहां भी दो लाख रूपये तथा एक सोलर लाइट की विधायक निधि से सौगात सौंपी। प्रतिभाओं के सम्मान व सौगात को लेकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे दिखे। कार्यक्रम का संयोजन प्रबन्धक अजीत मिश्र ने किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बसन्तोत्सव पर रामपुर कसिहा में जय मां काली मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुई। बाबा घुइसरनाथ धाम में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बसंत पंचमी पर मत्था टेक लोकमंगल की कामना की। यहां मंदिर परिसर में महन्त मयंकभाल गिरि, पं. वीरेन्द्रमणि तिवारी, पं. विपिन तिवारी के संयोजन में विधायक मोना को मां सरस्वती का महाप्रसाद सौपा गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जगदीश मिश्र, रविप्रकाश श्रीवास्तव, अरूण सिंह, शैलेन्द्र सरोज, राजू मिश्र, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, महेन्द्र सिंह, त्रिभु तिवारी, अतुल शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, भुवनेश्वर शुक्ल, मुन्नन सिंह, शिवकुमार साहू, प्रभात ओझा आदि रहे।

# बच्चो की निशुल्क किताबे बेचीं जा रही कबाड़ में, शिक्षक पर आरोप

सुलतानपुर (एजेंसी )। एक तरफ सरकार गरीब बच्चो की शिक्षा के लिए तरह तरह के इंतजाम कर रही हैं तो वही दूसरी तरफ अधिकारियो की लापरवाही की वजह से सरकारी योजनाओ का लाभ गरीब बच्चो तक पहुच नहीं पा रहा हैं। मामला बच्चो की निशुल्क किताब से जुडा हुआ हैं। लम्भुआ कस्बे में एक कबाड़ी की दूकान पर 12 बोरियो में निशुल्क वितरण के लिए परिषदीय स्कूल में पढने वालो बच्चो को मिलने वाली निशुल्क किताबे बेचने के लिए राणानगर बूधापुर निवासी व कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि को रंगे हाथ कस्बा वासियों ने पकड़ा जिसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ अजय सिंह को दी गयी। जिन किताबो को जप्त किया गया हैं वो इसी सत्र की बतायी जा रही हैं।सूत्र बताते हैं की मामले को दबाने के लिए आनन फानन में सभी किताबो को बी0आर0सी0 लम्भुआ पंहुचा दिया गया और मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अपने गृह जनपद जौनपुर से आ भी गए और मामले को अलग ही दिशा दे दी। बजाये पुलिस को इसकी सूचना दिए बीईओ लम्भुआ अजय सिंह खुद मामले की विवेचना करने लगे। खुद को और अपने बीआरसी कर्मचारियों को फसता देख कबाड़ी से भी बयान दर्ज करवा लिया और भदैया ब्लाक के शिक्षक अजय भास्कर को फसवा दिया। विभागीय सूत्र बताते हैं कि राणानगर बूधापुर निवासी व कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि और आरोपी शिक्षक अजय भास्कर की ससुराल उसी गाँव में हैं और गाँव की रंजिश के कारण शिक्षक को फासया जा रहा हैं। आरोपी शिक्षक की ससुराल उसी गाँव में हैं जिस गाँव का कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि हैं। सूत्र बताते हैं कि चुनावी रंजिश और ससुराल की संपत्ति को लेकर गाँव में दोनों परिवारों में विवाद आए होता रहता हैं। खंड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ ने अभी तक नहीं दी कोई तहरीर, थानाध्यक्ष बोले सूचना मिलने पर की जाएगी कार्यवाही। इतने गंभीर प्रकरण में बीईओ अजय सिंह द्वारा खबर लिखे जाने तक थाना लम्भुआ में कोई तहरीर नहीं दी गयी। लम्भुआ बाजार में कबाड़ी की दूकान पर मिली परिषदीय स्कूल की निशुल्क सरकारी किताबे जैसे गंभीर प्रकरण की तहरीर नहीं दी गयी हैं और न ही उच्चाधिकारियों से इसकी अनुमति मांगी गयी हैं। बताते चले अजय भास्कर गंभीर चोट लग जाने के कारण पिछले तीन माह से मेडिकल पर ऑन बेड हैं। एक माह से बैशाखी के सहारे चल प रहे हैं। फिर कब और किसने किसको किताबें बेची ये विवेचना का विषय हैं। दो अलग अलग बयान दिए कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि ने। ऐसे में बी0आर0सी0 लम्भुआ के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध और बीईओ लम्भुआ अजय सिंह की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

# पूजा-अर्चना और सामूहिक हवन कर मनाया बसंत पंचमी पर्व

सुलतानपुर (एजेंसी )। यूनीक फाउंडेशन सुल्तानपुर जो वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय है, ने इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था ने रेलवे मॉल गोदाम रोड स्थित पिपलेश्वर धाम में मां सरस्वती की पूजा–अर्चना और सामूहिक हवन का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ. अजय तिवारी, नितिन मिश्रा सहित कई परिवारों ने भाग लिया और मां सरस्वती से विद्या व बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था की महिला विंग ने महाकुंभ थीम पर भव्य रंगोली बनाकर इस पर्व की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को भोजन वितरण भी किया गया, जिससे समाज में सेवा और परोपकार की भावना को और मजबूती मिली। संस्था के संस्थापक डॉ. अनूप मिश्रा ने इस अवसर पर कहा,"जब ईश्वर की कृपा सब पर बनी रहती है, तो बड़ा से बड़ा काम भी छोटा लगने लगता है। यूनीक फाउंडेशन का यह आयोजन समाज के प्रति उसकी सेवा भावना को दर्शाता है और आने वाले समय में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य करने का संकल्प लेता है।

# कल्पवासियों ने पवित्र त्रिवेणी में किया बसंत पंचमी का अमृत स्नान

महाकुम्भ नगर(एजेंसी )। महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन कला, संस्कृति, विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर मां सरस्वती का पूजन कर अमृत स्नान करने की परंपरा है। आज सुबह से ही अखाड़ों ने परंपरा के अनुसार दिव्य शोभा यात्रा के साथ अमृत स्नान किया। इसके साथ ही करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ कल्पवासियों ने भी पवित्र त्रिवेणी स्नान किया। कल्पवासियों ने विधि पूर्वक व्रत का पालन करते हुए सुबह से ही संगम में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य देते हुए सरस्वती पूजन भी किया। महाकुम्भ 2025 में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। जो प्रतिदिन पूरे माघ मास तीनों काल नियमपूर्वक गंगा में स्नान और व्रत का पालन करते हैं। महाकुम्भ में बसंत पंचमी के स्नान विशिष्ट महत्व है। कल्पवासियों ने नियम पूर्वक मौन व्रत रख कर ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया।

महाकुम्भ के विशाल मेला क्षेत्र के अलग–अलग सेक्टरों में बसे कल्पवासी प्रातःकाल में ही पैदल चल कर संगम तट पर आते जा रहे थे। उन्होंने करोड़ों श्रद्धालुओं और संन्यासियों के अखाड़ों के साथ अमृत स्नान किया।पौराणिक मान्यता है बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। वर्तमान काल में तीर्थराज प्रयागराज में ही मां सरस्वती का वास है। जो अंतः सलिला रूप में गंगा, यमुना के संगम में मिल कर पवित्र त्रिवेणी बनाती हैं। बसंत पंचमी के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में स्नान का विशेष महत्व है। आज के दिन कल्पवासियों विधि पूर्वक संगम स्नान कर सरस्वती पूजन किया। संगम स्नान के बाद मां सरस्वती को श्वेत वस्त्र और श्वेत पुष्प अर्पित कर उनकी स्तुति की। श्रद्धालु और कथा वाचक अपने शास्त्रों और ग्रंथों का भी पूजन करते हैं। इसके बाद दही और चूड़ा के दान दे कर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही साहित्य, कला, संगीत और शिक्षा जगत से जुड़े हुए लोंग ने भी शहर भर में जगह–जगह मां सरस्वती का पूजन किया।

# सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच दिव्य और भव्य रहा अमृत स्नान

महाकुंभनगर(एजेंसी )। बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर करोड़ों श्रद्धालु देर रात से ही पुण्य की कामना के साथ संगम की रेत पर एकत्रित होने लगे। हर–हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। सीएम योगी के विशेष निर्देश पर सुरक्षा के ऐसे पुख्ता इंतजाम रहे कि परिंदा भी पर न मार सके। यहां डीआईजी और एसएसपी खुद मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। श्रद्धालुओं के साथ साधु–संत, महामंडलेश्वर और देश–विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुंभ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान–पुण्य करते दिखे।

बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान महाकुंभ का डिजिटल स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। जहां हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। संगम तट पर फूल–मालाओं से लदे संतों पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिससे पूरे महाकुंभ का माहौल और भव्य बन गया।

# चिकित्सा महाविद्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ सपा का हल्लाबोल



सुल्तानपुर (एजेंसी )। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. ओ.पी. चौधरी समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ बैनर और पोस्टर लेकर नारेबाजी की। "सीएमओ होश में आओ" के गगनभेदी नारों के बीच सपा कार्यकर्ताओं ने सुल्तानपुर स्ववित्त पोषित चिकित्सा महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर किया और इलाज में हो रही लापरवाही पर नाराजगी जताई। इसके बाद सपा प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपकर दोषी डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर सुल्तान खान, राजदेव निषाद, सुरेश कुमार गौतम, सलमान खान, राज मिश्रा, शुभम कुमार, सईद अहमद, राकेश पाल, राजेश पाठक, अमरीश कांत गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर त्रिवेणी में उमड़ा जन समुद्र



महाकुंभनगर(एजेंसी )। बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर करोड़ों श्रद्धालु देर रात से ही पुण्य की कामना के साथ संगम की रेत पर एकत्रित होने लगे। सोमवार शाम 4रू00 बजे तक लगभग 1.96 करोड़ स्नानार्थियों ने संगम सहित गंगा के अन्य तत्वों पर डुबकी लगाई इस दौरान हर–हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा।

श्रद्धालुओं के साथ साधु–संत, महामंडलेश्वर और देश–विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुंभ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान–पुण्य करते दिखे।

बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान महाकुंभ का डिजिटल स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। जहां हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। संगम तट पर फूल–मालाओं से लदे संतों पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिससे पूरे महाकुंभ का माहौल और भव्य बन गया।

# जप, तप, साधना की पुण्य भूमि में हो रहा है विविध साधनाओं का संगम



महाकुम्भ नगर(एजेंसी )। महाकुंभ त्याग और तपस्या के साथ विभिन्न साधनाओं के संकल्प का भी पर्व है। प्रयागराज महाकुम्भ साधनाओं के विविध संकल्पों का साक्षी बन रहा है ऐसी ही एक साधना है पंच धूनी तपस्या जिसे अग्नि स्नान की साधना भी कहा जाता है जिसकी शुरुआत बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व से हो गई। कुम्भ क्षेत्र जप ,तप और साधना का क्षेत्र है जिसके हर कोने में कोई न कोई साधक अपनी साधना में रत नजर आएगा। महाकुम्भ के तपस्वी नगर में बसंत पंचमी से एक खास तरह की साधना का आरंभ हुआ है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा कौतूहल है। इस साधना को पंच धूनी तपस्या कहा जाता है जिसे आम भक्त अग्नि स्नान साधना के नाम से भी जानते हैं। इस साधना में साधक अपने चारों तरफ जलती आग के कई घेरे बनाकर उसके बीच में बैठकर अपनी साधना करता है । जिस आग की हल्की से आंच के सम्पर्क में आने से इंसान की त्वचा झुलस जाती है उससे कई गुना अधिक आंच के घेरे में बैठकर ये तपस्वी अपनी साधना करते हैं ।

# बसंत पंचमी के पर्व पर आइस्टीन पब्लिक स्कूल में हुई मनमोहक प्रस्तुतियां

लालगंज प्रतापगढ़। धधुआगाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के पर्व पर नन्हें मुन्हों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी विभवभूषण शुक्ल व निदेशिका श्रुति शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्रा जारा इरफान, शशि, श्रेया, नंदिनी, स्नेहा ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर अभिवावको को मंत्रमुग्ध कर दिया। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने मां सरस्वती को ज्ञान की ऊर्जा तथा विनयशीलता की प्रेरणा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज ओझा व संचालन संगीत शिक्षक अशोक ओझा ने किया। इस मौके पर डॉ. सौरभ मिश्र, महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्रा, सुषमा यादव मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन उप प्रधानाचार्य आन्द्रे डिसूजा ने किया।

# एसपी से उत्पीड़न को लेकर पीड़िता ने की शिकायत

लालगंज प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के भदारी कला शिवप्रसाद का पुरवा निवासी राधेश्याम वर्मा की पत्नी छबीला ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में विपक्षियों के द्वारा भूमिधरी जमीन में निर्माण कार्य जबरिया रोकवाये जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिसकर्मियों ने भी विपक्षियों के साथ मिलकर उत्पीड़न की बात कही है।

# आरोपियों पर पिटाई का आरोप, दी तहरीर

लालगंज प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के डगरारा निवासी अमृतलाल के पुत्र लवलेश वर्मा ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि दो फरवरी को शाम पांच बजे वह लालगंज से वापस घर आ रहा था। रास्ते में गांव के दो नामजद आरोपियों ने तीन अज्ञात के साथ उसके साथ गालीगलौज की। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों ने पीडित पर तमंचा तान दिया और धारदार हथियार से उसकी पिटाई कर दी। चोट लगने के कारण पीड़ित बेहोश हो गया। अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। पीडित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच की जा रही है, सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकाली गयी शोभा यात्रा, लगे जयघोष

लालगंज प्रतापगढ़। रामपुर बावली क्षेत्र के अनेहरा स्थित पंचवटी धाम में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर सोमवार को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। श्रीराम दरबार तथा मां दुर्गा व पंचमुखी हनुमान जी महराज की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पंचवटी धाम देवी देवताओं के जयघोष से गुंजायमान दिखा। आचार्य अरविन्द कुमार तिवारी, व्यास आशुतोष मिश्र, पं. अखिलेश द्विवेदी व पं. आलोक पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचवटी धाम से शोभा यात्रा शुरू हुई जो रामपुर बावली, बेलहा, लालगंज होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां दर्शन पूजन के बाद शोभा यात्रा वापस पंचवटी धाम पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु प्रभु भक्ति में नृत्य करते हुए दिखे। वहीं अबीर गुलाल उड़ाते श्रद्धालु भगवान श्रीराम व मां दुर्गा तथा बजरंग बली के जयकारे भी लगाते दिखे। संयोजक पं. रमाशंकर शुक्ल पूर्व प्रधान ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा सह संयोजक बलराम शुक्ल व कृष्णा शुक्ला ने आभार जताया। इस मौके पर श्यामशंकर शुक्ल, अनुपम त्रिपाठी, अजयधर द्विवेदी, जटाशंकर शुक्ल, रामकृष्ण शुक्ल, दिवाकर, अनंतराम शुक्ल, सुनील ओझा, अरूण त्रिपाठी, कृष्ण कुमार पाण्डेय आदि ने शोभा यात्रा में बढ़–चढ़ कर सहभागिता की।

# समस्याओं की अनदेखी पर वकीलों ने जताया आक्रोश, आमसभा में हुआ विचारविमर्श

लालगंज प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई आमसभा में सोमवार को न्यायिक कामकाज के माहौल को सुदृढ़ बनाए जाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। वही आम सभा में अधिवक्ताओ की विभिन्न समस्याओ के निराकरण के लिए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की भी मांग उठाई गयी। सभा की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि दीवानी न्यायालय में सुदृढ़ न्यायिक वातावरण को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होने कहा कि वादकारियों को सुलभ न्याय के लिए संघ की ओर से निशुल्क न्यायिक मदद का पैनल भी बनाया जाएगा। बैठक में अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के लंबित रहने पर प्रशासनिक लापरवाही पर आक्रोश भी जताया गया। संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल एवं उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, अनिल त्रिपाठी शहजाद अंसारी, इरफान, धीरेन्द्र मिश्र, सुशील शुक्ला, दीपेन्द्र तिवारी, अमरनाथ यादव, शैलेन्द्र मिश्र, सिंटू मिश्र, प्रवीण यादव आदि अधिवक्ता रहे।

# कुलपति ने छात्राओं संग किया मा सरस्वती पूजन

अयोध्या(एजेंसी )। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में सरस्वती पूजन की धूम रही। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रतिभा गोयल ने छात्राओं व शिक्षिकाओं के संग विधि विधान से मॉ सरस्वती पूजन किया। कुलपति प्रो. गोयल ने कहा कि हम सभी के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण है। जो हमें सिखाता है कि सच्ची विद्या वही है जो हमारे व्यक्तित्व को निखारे और समाज के लिए उपयोगी बने।

# डब्ल्यूपीएल ने महिला क्रिकेट को लेकर रवैया बदला, अन्य खेलों में भी ऐसी सफलता की उम्मीद: Mandhan



स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट को लेकर 'रवैया' बदलने का श्रेय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अन्य खेलों मेंभी इस तरह की सफलता की कहानियां देखने को मिलेंगी। मंधाना की टीम ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था।बेंगलुरु । रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट को लेकर 'रवैया' बदलने का श्रेय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अन्य खेलों मेंभी इस तरह की सफलता की कहानियां देखने को मिलेंगी। मंधाना की टीम ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट में टीम का पहला खिताब था। बायें हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने यहां 'स्पोर्ट्स फॉरवर्ड नेशन' की रिपोर्ट के जारी करने के मौके पर कहा कि हम डब्ल्यूपीएल से पहले भी बिग बैश जैसी लीग में खेलते थे।मंधाना ने कहा कि हर कोई हमसे पूछता था कि हमारी अपनी लीग कब होगी और डब्ल्यूपीएल की शुरुआत ने महिला क्रिकेट को लेकर लोगों के रवैये को बदल दिया।" मंधाना की टीम 14 फरवरी से शुरू हो रहे डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में खिताब का बचाव करने उतरेगी। उन्होंने कहा, " इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने पुरुष क्रिकेट को बहुत बढ़ावा दिया है। वह शानदार है और महिला क्रिकेट के लिए डब्ल्यूपीएल ऐसा ही कर सकता है। दूसरे खेलों से भी ऐसी (डब्ल्यूपीएल) कहानियों का सामने आना प्रेरणादायक होगा।

# बजट के बाद टूटा शेयर बाजार, सेंसेक्स में 600 अंक की गिरावट

## 0-आईटी, फाइनेंस और मेटल के शेयर भी गिरे



मुंबई, 03 फरवरी। केंद्रीय बजट 2025–26 के बाद पहले दिन ओपन हुए शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है. उधर एशियाई बाजार में भी हाहाकार मचा हुआ है. सोमवार को सेंसेक्स भारी गिरावट के साथ खुला, इसके साथ ही निफ्टी 50 में भी गिरावट दर्ज की गई. ओपनिंग बाजार में आईटी, फाइनेंस और मेटल के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई.कमजोर वैश्विक संकेतों और एशियाई बाजारों में गिरावट के बीच सोमवार को घरेलू बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी टूटकर ओपन हुए. इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 515.26 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,990.70 पर खुला. ओपनिंग के 30 मिनट बाद सेंसेक्स 650 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा. जबकि निफ्टी 50, सोमवार को 210.95 अंक यानी 0.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,271.20 पर ओपन हुआ और ये भी 30 मिनट बाद 250 अंक की गिरावट के साथ ट्रेंड करता नजर आया.बाजार की ओपनिंग के बाद सभी क्षेत्रीय सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे. इस दौरान मेटल इंडेक्स में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. जबकि रियल्टी सूचकांक में 2.07 प्रतिशत की गिरावट आई. वहीं अन्य दिग्गज सूचकांक, जिनमें निफ्टी आईटी 1.44 फीसदी गिरकर कारोबार करते दिखे. जबकि बैंक इंडेक्स में 1.04 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई.वहीं फार्मा सेक्टर में 1.10 फीसदी गिरावट देखी गई. इसके अलावा हेल्थकेयर सेक्टर में 1.01 फीसदी, ऑयल और गैस में 1.79 प्रतिशत जबकि फाइनेंस सेक्टर के शेयर 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए. वहीं व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप 1.49 प्रतिशत कम होकर कारोबार कर रहा है. जबकि बीएसई का स्मॉलकैप 1.53 प्रतिशत कम हो गया है.बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार (1 फरवरी) को देश का बजट पेश किया था. वित्त मंत्री के बजट भाषण से निवेशकों को उम्मीद थी कि बजट में किे गए उपायों से कमजोर अर्थव्यवस्था को ताकत मिलेगी लेकिन बजट के बाद पहले दिन खुले बाजार में भारतीय बाजार धड़ाम हो गया.

# संजू सैमसन की चोट पर आया बड़ा अपडेट, जानें कब तक होगी मैदान पर वापसी?



दरअसल, रविवार को मुंबई में खेले गए इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टी20 मैच में उनकी उंगली में गेंद लग गई। उस दौरान इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर गेंद फेंक रहे थे। वहीं कहा जा रहा है कि, संजू सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट एकादमी में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी।टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चोटिल हो गए हैं। जिस कारण वह एक महीने से ज्यादा तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। वहीं चोट के कारण वो आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। दरअसल, रविवार को मुंबई में खेले गए इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टी20 मैच में उनकी उंगली में गेंद लग गई। उस दौरान इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर गेंद फेंक रहे थे। वहीं कहा जा रहा है कि, संजू सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट एकादमी में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर ना करने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि, सैमसन की दाहिनी तर्जनी उंगली में फ्रेक्टर हो गया है। उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच से 6 हफ्ते लग जाएंगे। इसलिए उनके आठ से 12 फरवरी तक पुणे में केरल और जम्मू–कश्मीर मुकाबले में खेलने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि, पूरी संभावना है कि उनकी वापसी आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए होगी।

सैमसन का इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। आर्चर की तीसरी गेंद सैमसन की उंगली पर लगी जो 150 किमी प्रतिघंटा के करीब की रफ्तार से फेंकी गई थी। सैमसन ने इसके बाद एक छक्का और चौका भी लगाया लेकिन डग आउट में वापस आने के बाद सूजन बढ़ गई। स्कैन में फ्रेक्चर का पता चला। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात मैच में तीन शतक की बदौलत टी20 सीरीज की टीम में जगह बनाने सैमसन चौंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने जाने से चूक गए क्योंकि उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी मैच नहीं खेला था।

# बजट के तीसरे दिन रुपये में आई ऐतिहासिक गिरावट, पहली बार 87 के पार निकला डालर

मुंबई, 03 फरवरी। बजट के बाद सोमवार को खुले शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई. इसके साथ ही भारतीय रुपये की कीमत में भी डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक गिरावट देखने को मिली. सोमवार को पहली बार एक अमेरिकी डॉलर रुपये के मुकाबले 87. 29 रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया. भारतीय रुपये में गिरावट की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए जा रहे टैरिफ और उससे पैदा हुए व्यापार युद्ध की आशंका को माना जा रहा है.बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कनाडा, मैक्सिको और चीन पर इंपोर्ट टैरिफ लगाने का ऐलान किया. इसके एक दिन बाद यानी सोमवार (3 फरवरी) को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 67 पैसे टूटकर 87.29 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया. सोमवार को रुपये की वैल्यू में आई गिरावट के बाद डॉलर पहली बार 87 के पार निकल गया.

इससे पहले सोमवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 87.00 पर खुला, लेकिन शुरुआती कारोबार में ही ये फिसलकर 87.29 तक पहुंच गया. इससे पहले शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था. हालांकि, गिरावट के बाद रुपये में थोड़ा सा सुधार भी दर्ज किया गया और ये 87.06 के पास आ गया.बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मैक्सिको और कनाडा से होने वाले अवैध प्रवासियों की अमेरिका में घुसपैठ के चलते दोनों देशों से आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत इंपोर्ट टैरिफ लगाने का ऐलान किया. जबकि फेंटालिन जैसी दवाओं की चीन से होने वाली अवैध सप्लाई के चलते चीन के सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की.भारतीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट का दौर देखने को मिला. बाजार की शुरुआत ही लाल निशान के साथ हुई. इस दौरान घरेलू बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स टूटकर ओपन हुए. बीएसई का सेंसेक्स 442.02 अंक यानी 0.57 फीसदी की गिरावट के साथ 77,063 के स्तर पर खुला. जबकि एनएसई का निफ्टी 50 ने 162.80 अंक यानी 0.69 फीसदी की गिरावट के साथ 23,319 के लेवल पर ओपन हुआ.



# BPL में खिलाड़ी ही नहीं ड्राइवर्स भी सैलरी नहीं मिलने पर हैं नाराज, गुस्से में प्लेयर्स का सामान बस में किया लाक

बांग्लादेश प्रीमियर लीग गलत कारणों की वजह से चर्चा में है। लीग में खिलाड़ी सैलेरी के लिए तरह गए हैं। उन्होंने पैसे न मिलने के कारण प्रैक्टिस सेशन तक छोड़ दिए। लीग में सिर्फ खिलाड़ी ही परेशान नहीं है बल्कि बस ड्राइवर्स तक को सैलरी नहीं मिली है। अब अपने पैसे लेन के लिए ड्राइवर्स ने बड़ा कदम उठाया है जिससे फ्रैंचाइजी की ओर भद्द पिट गई है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक दरबार राजशाही टीम ने अपनी बस के ड्राइवर्स को उनका वेतन नहीं दिया।

# नए टैक्स रिजीम पर सीबीडीटी चीफ का बड़ा बयान- 90 फीसदी टैक्सपेयर अपनाएं नई व्यवस्था




नई दिल्ली,03 फरवरी। सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि 90 फीसदी से अधिक व्यक्तिगत करदाताओं को नई कर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए. बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाने और सभी कर स्लैब में बदलाव की घोषणा से इनको प्रेरित होना चाहिए. जबकि अभी तक यह आंकड़ा 75 फीसदी है.

बजट के बाद अग्रवाल ने कहा कि सरकार और आयकर विभाग का दृष्टिकोण नियमित मानव खुफिया जानकारी जुटाने के सिस्टम के अलावा एआई के बेहतर उपयोग के माध्यम से देश में गैर–हस्तक्षेप कर प्रशासन सुनिश्चित करना है.सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि एक आम करदाता के लिए अपनी आय की रिपोर्ट करने के लिए उपलब्ध कर प्रक्रियाएं बहुत जटिल नहीं हैं. उन्होंने आसान आईटीआर–1, पहले से भरे आयकर रिटर्न, स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की स्वचालित गणना आदि का उदाहरण दिया. उन्होंने नई कर व्यवस्था (एनटीआर) का भी हवाला दिया, जिसमें पुरानी व्यवस्था की तरह कोई कटौती या छूट की अनुमति नहीं है, जिसमें करदाता के लिए सरलष गणनाएं हैं. जिससे वे किसी पेशेवर की मदद के बिना अपना आईटीआर दाखिल कर सकते हैं.केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन आयकर विभाग के लिए प्रशासनिक निकाय है.

# Jasprit Bumrah की फिटनेस पर आया बड़ा अपडेट, चौंपियंस टापी से पहले करना होगा ये काम




टीम इंडिया के लिए जसप्रीत बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बुमराह बेंगलुरु स्थिति नेशनल क्रिकेट अकादमी में आ गए हैं जहां वो मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान हो चुका है, लेकिन अभी भी स्क्वॉड में बदलाव की संभावना है। दरअसल, आईसीसी ने सभी आठ टीमों के समक्ष डेडलाइन रखी है कि वे 11 फरवरी तक अपनी–अपनी टीम में बदलाव कर सकती हैं। टीम इंडिया के लिए जसप्रीत बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बुमराह बेंगलुरु स्थिति नेशनल क्रिकेट अकादमी में आ गए हैं जहां वो मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक जसप्रीत बुमराह 2–3 दिनों तक छह। स्पेशलिस्ट्स की निगरानी में रहने वाले हैं। पूरी जांच करने के बाद ही रिपोर्ट अजीत अगरकर की लीडरशिप वाली चयन समिति को भेजी जाएगी। भारतीय टीम का ऐलान होने से पहले एक अपडेट सामने आया था कि बुमराह को भारतीय टीम में शामिल तो किया जाएगा, लेकिन प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे या नहीं ये केवल उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। वहीं पिछले महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा था कि , जसप्रीत बुमराह को पांच हफ्ते का आराम दिया गया है और वो इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे। अगरकर का कहना था कि बुमराह की फिटनेस पर फैसला फरवरी महीने की शुरुआत में किया जाएगा। सारी मेडिकल जांच रिपोर्ट्स को परखने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा। टीम इंडिया के पास ये तय करने के लिए सिर्फ एक सप्ताह बाकी रह गया है कि जसप्रीत बुमराह को चौंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में बनाए रखना है या नहीं। 11 फरवरी तक सभी आठ टीमों को तय करना है किस प्लेयर को स्क्वॉड में रखना है और किसे नहीं। फिलहाल, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में खेलकर खुद की फिटनेस को साबित करना पड़ेगा।

# मकान, आफिस और दुकानों को किराये पर देकर करते हैं कमाई तो अब आपको होगा फायदा



नई दिल्ली,03 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किराए पर सोर्स पर टैक्स कटौती (टीडीएस) की वार्षिक सीमा 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दी. वित्त मंत्री ने कहा कि इससे टीडीएस के दायरे में आने वाले लेन–देन की संख्या कम हो जाएगी, जिससे छोटे करदाताओं को लाभ होगा. लेकिन असल में ये छोटे करदाता कौन हैं जिन्हें लाभ मिलेगा?

ये उन सभी लोगों को प्रभावित करता है जो किराया देते हैं और टीडीएस के अधीन हैं चाहे वह घर का किराया हो या ऑफिस, दुकानों या अन्य संपत्तियों का किराया. किराए पर सलाना टीडीएस सीमा को 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये करने से कम मूल्य के किराये के लेन–देन में टीडीएस कटौती की आवश्यकता कम होगी. यह मुख्य रूप से उन मकान मालिकों (विशेष रूप से छोटे मकान मालिकों) को लाभान्वित करता है, जिन्हें प्रति वर्ष 6 लाख रुपये से कम किराया मिलता है, क्योंकि किरायेदार अब उस किराए पर टीडीएस नहीं काटेंगे. यह कम किराया देने वाले किरायेदारों को भी लाभान्वित करेगा क्योंकि उन्हें टीडीएस काटने और जमा करने से जुड़े अतिरिक्त कागजी कार्रवाई या अनुपालन कामों को नहीं संभालना पड़ेगा. अगर वार्षिक किराया 6 लाख रुपये से कम है, तो किराए पर टीडीएस अब लागू नहीं होगा.

इसका मतलब यह है कि जहां किराएदारों को दिए जाने वाले किराए पर 20,000 रुपये प्रति माह की दर से टीडीएस काटा जाना था, वहीं अब यह सीमा बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई है.

# टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम की सच्चाई आ गई सामने, खुद हेड कोच गौतम गंभीर ने खोले राज



गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी केविन पीटरसन से बातचीत की। टीवी पर पीटरसन को दिए इंटरव्यू में गंभीर ने कहा कि, ये खिलाड़ी एक–दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेल चुके हैं। पहले भी इस तरह की खबरें आई हैं। ये सब सिर्फ अफवाह है, जब भी टीम का प्रदर्शन खराब होता है तो ऐसी खबरें आने लगती है।लंबे समय से टीम इंडिया में विवाद को लेकर कई खबरें सामने आई थीं। यहां तक कहा गया कि कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर के रिश्ते में दरार है। दोनों की आपस में बन नहीं रही है। कई रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया था कि गंभीर और रोहित के बीच तीखी बहस भी हुई। अब इन सभी मुद्दों पर खुद गौतम गंभीर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब उन्होंने भारतीय ड्रेसिंग रूम के सारे राज खोल दिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज 4–1 से जीतने के बाद गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी केविन पीटरसन से बातचीत की। टीवी पर पीटरसन को दिए इंटरव्यू में गंभीर ने कहा कि, ये खिलाड़ी एक–दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेल चुके हैं। पहले भी इस तरह की खबरें आई हैं। ये सब सिर्फ अफवाह है, जब भी टीम का प्रदर्शन खराब होता है तो ऐसी खबरें आने लगती है। लेकिन जब टीम जीतने लगती है तो सब शांत हो जाता है। गंभीर ने अपने बयान से ये साफ कर दिया है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके विवाद की खबरें महज अफवाह थीं। वहीं टीम इंडिया में कोई फूट नहीं है। गंभीर ने ये भी साफ कर दिया है। गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 में हुए कन्कशन सब्स्टीट्यूट के विवाद पर भी चुप्पी तोड़ी। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है, जब टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम की टकरार पर सफाई दी गई है। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा ने भी इन खबरों को सिरे से खारिज किया था। गंभीर ने आगे कहा कि शिवम दुबे कंफर्म चार ओवर फेंक देता। किसी को भी उसकी बॉलिंग एबिलिटी पर डाउट नहीं है। हालांकि, वो पांचवें टी20 को लेकर बात कर रहे थे। चौथे टी20 के सवाल को उन्होंने मजाक में टाल दिया। बता दें कि, पांचवें टी20 में शिवम दुबे ने दो ओवर गेंदबाजी की और दो विकेट भी निकाले।

# कन्कशन सब्सटीटयूट पर आखिरकार गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, कह दी ये बात

गौतम गंभीर से कनकशन सब्सटीट्यूट विवाद पर सवाल किया गया, तो उन्होंने हल्के–फुल्के अंदाज में कहा कि, अगर वो खेलता। तो आज चार ओवर जरूर फेंकता! हालांकि, गंभीर ने इस पूरे विवाद को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इसके अलावा उन्होंने इस पूरे विवाद को बेवजह का मुद्दा बताया और कहा कि क्रिकेट में इस तरह की चर्चाएं हमेशा होती रहती है।

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज खत्म हो गई है। भारत इस सीरीज को 4–1 से जीतने में सफल रहा। पांचवें टी20 मैच में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को बड़े अंतर से हराया। इस जीत के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने आखिरकार कन्कशन सब्सटीट्यूट विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए चौथे टी20 मैच में शिवम दुबे की जगह हर्षित राणा को कनकशन सब्सटीट्यूट के तौर पर उतारा गया था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन समेत कई क्रिकेट क्रिटिक ने इस फैसले पर सवाल उठाए थे। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टी20 में भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे के सिर पर गेंद लग गई थी, जिसके कारण वह मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। नियमों के अनुसार भारत ने उनकी जगह हर्षित राणा को टीम में शामिल किया। इंग्लैंड की टीम और केवन पीटरसन ने इस फैसले पर नाराजगी जताई और इसे भारत का रणनीतिक कदम बताया। केविन पीटरसन का मानना था कि भारत ने कनकशन सब्स्टीट्यूट के नियमों का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि दुबे की जगह राणा को शामिल करना लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट नहीं था, बल्कि इससे भारत को गेंदबाजी में अतिरिक्त विकल्प मिल गया। वहीं सीरीज खत्म होनेके बाद स्टार स्पोर्ट्स पर जब गौतम गंभीर से इस विवाद पर सवाल किया गया, तो उन्होंने हल्के–फुल्के अंदाज में कहा कि, अगर वो खेलता। तो आज चार ओवर जरूर फेंकता!गंभीर ने इस पूरे विवाद को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इसके अलावा उन्होंने इस पूरे विवाद को बेवजह का मुद्दा बताया और कहा कि क्रिकेट में इस तरह की चर्चाएं हमेशा होती रहती है।





# सई ताम्हणकर ने किये कई खुलासे

मराठी सिनेमा की जानी–मानी एक्ट्रेस सई ताम्हणकर ने ही में ऐसे खुलासे किया कि वो एक बार फिर से चर्चाओं में आ गईं। एक्ट्रेस ने 2013 में प्रोड्यूसर अमेय गोसावी से शादी की थी, लेकिन 2 ही साल में दोनों का तलाक हो गया। उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि कोर्ट में अपना डिवोर्स फाइनलाइज होने के बाद उन्होंने और अमेय ने अपने 8–10 दोस्तों के साथ पार्टी की थी। एक्ट्रेस ने कोर्ट में अपने तलाक के दौरान के एक्सपीरियंस पर बात करते हुए कहा– वो जगह किसी मार्केट की तरह लगती है, जहां वो आपका नाम चिल्लाते हैं। मेरे लिए जो सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात थी वो ये कि उन्होंने मुझे सई ताम्हणकर गोसावी कहकर बुलाया, क्योंकि तलाक के पेपर पर मेरा यही नाम था। हालांकि, मैंने इसे नहीं बदला था। उन्होंने कहा, तलाक के बाद हम दोनों अजीबोगरीब स्पेस में थे। हम बस रिलैक्स करना चाहते थे, इसलिए हमने ड्रिंक के लिए बाहर जाने का फैसला किया। सई कहती हैं– वहां सब रोने लगे, हमने कुछ प्यार भरी बातें कीं और जिंदगी को लेकर कुछ सलाह दीं। कुछ करीबी दोस्तों को इसकी जानकारी थी, इसलिए उन्होंने हमें फोन किया था। फिर एक–एक कर और भी फोन आने लगे कि तुम कैसे हो, क्या सब ठीक है? जैसे–जैसे वो लोग फोन कर रहे थे, हमने उन्हें अपनी लोकेशन बताई और फिर 8–10 लोग वहां आ गए। फिर हमने साथ मिलकर शराब पी और अच्छा समय बिताया सई ने बताया कि तलाक के बाद भी वह एक्स हसबैंड अमेय के साथ अच्छी बॉन्डिंग शेयर करती हैं। दोनों अक्सर एक–दूसरे से मिलते भी रहते हैं। (हिफी)

# स्वरा भास्कर ने ट्रोल्स को दी सफाई



Loरा भास्कर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सिर्फ फिल्मों के ही नहीं बल्कि देश में चल रहे मुद्दों पर वह अक्सर अपनी राय पेश करती हैं। हालांकि, अपने विचारधारा को लेकर वह सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर आ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने एक्स हैंडल पर दो तस्वीरों के साथ पोस्ट शेयर किया। बस यहीं से बवाल शुरू हुआ और एक्स ने एक्शन लेते हुए उनके अकाउंट को हमेशा के लिए निलंबित कर दिया। इसके बारे में उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए फैंस को अपडेट दिया और एक्स की जमकर आलोचना की। हालांकि अब उन्होंने एक नया पोस्ट शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने इस मामले में नए ड्रामे की तरफ इशारा किया है।

एक्ट्रेस ने कुछ स्क्रीनशॉट शेयर कर सबूत देने की कोशिश की है, जिसमें उन्होंने दिखाया कि किस तरह से पोस्ट डालने पर यह एक्शन हुआ और माइक्रोब्लॉगिंग साइट की टीम ने इस मामले पर क्या प्रतिक्रिया दी लेकिन फिर बाद में उन्होंने यह पोस्ट करके फैंस को हैरान कर दिया कि उनको लगता है कि अकाउंट हैक हो चुका है। स्वरा भास्कर ने अपनी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा– अ'ब मेरा ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया है। एक्ट्रेस यहीं नहीं रुकीं उन्होंने कई स्लाइड्स में फैंस को पूरी कहानी समझने की कोशिश की। उन्होंने लिखा कि मेरा एक हैंडल के साथ और ड्रामा हो गया है। एक्ट्रेस ने कहा उन पर कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन करने का चार्ज था, लेकिन अब उन्होंने अकाउंट रीगेन करने की कोशिश की तो उनका 'टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन' बंद कर दिया गया है'। एक्ट्रेस ने लिखा– 'मेरे दो ट्वीट से दो तस्वीरों को कॉपीराइट नियमों नहीं मानने के लिए मार्क किया गया है, जिसके आधार पर मेरा एक्सटेंडेड लॉक और डिसेबल कर दिया गया है। अब मैं इस एक्सेस नहीं कर पा रही हूं और अपनी टीम और आपकी टीम ने परमानेंट सस्पेंशन को अप्रूव कर दिया है'। स्वरा ने अपनी इस पोस्ट के साथ उन दो तस्वीरों को भी दिखाया है, जिसके कारण उनके एक्स अकाउंट को निलंबित कर दिया गया। ¼fgQh½

# खुशी कपूर का मिस्ट्री मैन कौन?



[Kुशी कपूर हाल ही में अपनी इंस्टा पोस्ट को लेकर चर्चा में आईं, जिसमें वो एक शख्स को गले लगाती नजर आईं। कुछ लोगों ने इब्राहिम अली खान और वेदांग रैना का नाम लिया, जबकि कुछ का कहना कुछ और था। खुशी कपूर फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वो फीमेल लीड रोल प्ले कर रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस खुशी कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं, खासकर अपनी हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट की वजह से। इसमें उन्होंने एक फोटो शेयर की, जिसमें वो एक शख्स को गले लगाती नजर आ रही हैं, जो हुडी पहने हुए था। खुशी कपूर ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, वह दायरे में तो पहुंच गया है, जल्द ही आपके दिलों तक भी पहुंच जाएगा, जिससे फैंस और मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। फोटो में शख्स का चेहरा नहीं दिखने की वजह से, कई फैंस और मीडिया पर्सनैलिटी ये अनुमान लगा रहे हैं कि ये इंसान कौन हो सकता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये वेदांग रैना या इब्राहिम अली खान हो सकते हैं। पोस्ट के बाद कमेंट सेक्शन में यूजर्स ने कई नाम लिखे हैं– जैसे वेदांग रैना, इब्राहिम अली खान, और यहां तक कि कुछ लोगों ने ये भी पूछा कि यह शख्स कौन हो सकता है। एक यूजर ने कमेंट किया कि खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की धर्मा प्रोडक्शन से बन रही फिल्म नादानियां जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी, जिससे इस पोस्ट के बारे में और कयासों का बाजार गर्म हो गया। एक यूजर, अक्षिता दत्ता ने एक मजेदार कमेंट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि ये खुशी कपूर और जाह्नवी कपूर ही हैं जो हुडी पहनकर एक–दूसरे को गले लगा रही हैं, जिससे कुछ हद तक लोगों ने इस बात को ही सच माना। खुशी कपूर फिलहाल अपनी आगामी फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं, जो तमिल फिल्म लव टुडे का हिंदी रीमेक है। ये फिल्म उनके करियर का एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। लवयापा में खुशी कपूर फीमेल लीड रोल निभा रही हैं, जबकि जुनैद खान मेल लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चौहान कर रहे हैं, और ये रोमांटिक कॉमेडी फिल्म के तौर पर जानी जा रही है। ¼fgQh½

# अनुपमा का हिस्सा बनना सपना सच होने जैसा: अद्रिजा राय



अभिनेत्री अद्रिजा रॉय लोकप्रिय टीवी शो श्अनुपमाश् में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम श्राहीश् है। उन्होंने बताया कि उनके और उनके किरदार के बीच बहुत सी समानताएं हैं और श्अनुपमाश् में काम करना सपना सच होने जैसा है।

अद्रिजा रॉय ने कहा, राही और अद्रिजा के बीच बहुत सी समानताएं हैं। वह व्यावहारिक है, हर चीज को समझने की कोशिश करती है और वह अपनी मां से प्यार करती है। मैं बहुत सी चीजों से खुद को जोड़ पाती हूं। शुरुआत से ही मुझे इस किरदार में ढलने में ज्यादा समय नहीं लगा, क्योंकि कुछ अलग सोचने की जरूरत नहीं है। इस पीढ़ी की कोई भी लड़की परिस्थितियों पर जिस तरह रिएक्ट करती है, उसी तरह राही (चरित्र) भी रिएक्ट करती है। मुझे लगता है कि यह एक ् ल स प्वाइंट है।

उन्होंने सह–कलाकार शिवम खजूरिया के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा, शिवम और मेरे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है क्योंकि हम लगभग एक ही उम्र के हैं। पहले दिन से ही हमारी बॉन्डिंग मजबूत थी। हम एक साथ सीन्स पर चर्चा करते थे, तय करते थे कि हम क्या करेंगे और हम उन्हें कैसे करेंगे। जब आप योजना बनाते हैं और एक–दूसरे के साथ सहज होते हैं, तो यह स्वाभाविक रूप से सीन में दिखाई देता है। शायद इसीलिए दर्शकों को यह पसंद आया है।

अद्रिजा रॉय ने बताया कि श्अनुपमाश् जैसे शो का हिस्सा बनने पर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अनुपमा जैसे बड़े शो का हिस्सा बनने का मौका मिला। अनुपमा एक ब्रांड है, इसलिए स्वाभाविक रूप से मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा किरदार, पूरी टीम, और शो से जुड़ी हर चीज कहानी, मौजूदा ट्रैक, सब कमाल का है। मैं बस यही उम्मीद करती हूं कि सब कुछ ठीक चलता रहे।

उन्होंने कहा, अनुपमा का हिस्सा बनना – उस शो के साथ काम करना, उस शो से जुड़ना – यह किसी सपने के सच होने जैसा है और मैं अभी उस सपने को जी रही हूं। मैं जो काम करती हूं वही मुझे प्रेरणा भी देता है। काम ही मुझे अच्छा महसूस कराता है और जब दर्शक इसका आनंद लेते हैं, तो यह सब सार्थक हो जाता है।



# आफ शोल्डर गाउन पहनकर मालविका मोहनन ने दिखाई एक से बढ़कर एक अदाएं, यूजर्स ने जमकर दिए रिएक्शंस

साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग और हॉट अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस मालविका मोहनन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी खूबसूरती और फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं।मालविका मोहनन की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने येलो कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।

खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मालविका मोहनन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

उनकी इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– बेहद हॉट। दूसरे ने लिखा है– टू मच हॉट टू हेंडल। तीसरे यूजर ने लिखा– यू लुक अमेजिंग।

# शाहिद कपूर देवा को दूसरे दिन मिली मामूली बढ़त, किया 11.75 करोड़ का कारोबार



शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की कॉप एक्शन देवा 31 जनवरी को रिलीज हुई. फिल्म ने 5.5 करोड़ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग की. सिनेमाघरों में पहले से ही अक्षय कुमार की स्काई फोर्स और कंगना की इमरजेंसी चल रही है जिसका खामियाजा देवा को पहले ही दिन भुगतना पड़ा. हालांकि अब दूसरे दिन फिल्म की कमाई बेहतर हुई है. आइए जानते हैं शाहिद कपूर की फिल्म का दूसरे दिन कैसा रहा बॉक्स ऑफिस पर हाल.5.50 करोड़ से बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग करने वाली देवा का दूसरे दिन कलेक्शन 6.25 करोड़ रूपये रहा. रिलीज से पहले देवा ने खूब सुर्खियां भी बटोरीं लेकिन कमाई के मामले में देवा ने पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया. अब दोनों दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11.75 करोड़ हो गया है. शनिवार को हिंदी में देवा ओवरऑल 13.07त्न ऑक्यूपेंसी रही.शाहिद कपूर की पिछली फिल्मों में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने बॉक्स ऑफिस पर 6.7 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी और यह फिल्म हिट रही थी. वहीं 2019 में रिलीज हुई कबीर सिंह ने 20.21 करोड़ और 2018 में बत्ती गुल मीटर चालू ने 6 करोड़ के साथ खाता खोला था. इन फिल्मों की तुलना में देवा ने निराशानजक प्रदर्शन किया हैदेवा की कम ओपनिंग की वजह अक्षय कुमार की स्काई फोर्स को भी माना जा सकता है. स्काई फोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई और कमाई में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं कंगना की इमरजेंसी भी सिनेमाघरों में हैं तो ऐसे में शाहिद की फिल्म ज्यादा ऑडियंस को अपनी ओर खींचने में असफल रही. हालांकि यह सिर्फ शुरुआत है और क्या होगा इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता. बता दें देवा का बजट लगभग 80 करोड़ रुपये है.

# रेल बजट 2025-26: उत्तर प्रदेश में रेलवे परियोजनाओं को मिला रिकार्ड आवंटन




लखनऊ (एजेंसी ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में रेल बजट को 18 गुना बढ़ाया गया है। प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में 5,200 किलोमीटर की नई रेल पटरियाँ बिछाई गई हैं, जो स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के कुल रेलवे ट्रैक की लंबाई से भी अधिक हैं। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव ने 3 फरवरी 2025 को उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाओं के लिए रिकॉर्ड बजट आवंटन की घोषणा की और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कुल 1,04,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में दोहरी लाइन, तीसरी लाइन, अमृत भारत स्टेशन जैसी परियोजनाओं का काम तेजी से पूरा हो रहा है। इस बजट में प्रदेश के लिए 19,858 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो यूपीए सरकार के दौरान (2009–2014) आवंटित राशि से 18 गुना अधिक है।रेल मंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में 5,200 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकृत रेल परियोजनाओं के समय से पूरा होने में विशेष भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कानपुर में एलिवेटेड ट्रैक परियोजना की अड़चनों को दूर किया, जिससे परियोजना में तेजी आई।उत्तर प्रदेश में 157 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में 14 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन 20 जिलों से होकर किया जा रहा है, जिनका ठहराव 25 स्टेशनों पर होगा। इसके अलावा, दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस के 10 स्टेशनों पर ठहराव किया गया है।रेल मंत्री ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में 4800 किलोमीटर के रेलवे नेटवर्क में कवच प्रणाली लागू की जा रही है, जो आगामी छह वर्षों में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर लागू हो जाएगी।महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, सुश्री सौम्या माथुर ने गोरखपुर जंक्शन के पुनर्विकास के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में गोरखपुर जंक्शन के पुनर्विकास का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही, सहजनवा, दोहरीघाट, घुघली, महराजगंज, आनंद नगर, और खलीलाबाद–बहराइच नई लाइन निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है।ज्ञातव्य है कि वर्ष 2009–14 में आवंटित पूंजीगत व्यय ध45,900 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2025–26 में भारतीय रेल पर ध2,65,200 करोड़ का आवंटन किया गया है। रेल मंत्रालय ने संरक्षा के लिए ध1,16,514 करोड़, रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज के लिए ध7,000 करोड़ तथा ट्रैक रिन्यूवल के लिए ध22,800 करोड़ का बजट आवंटित किया है।साथ ही, यात्रियों की सुविधाओं के लिए 17,500 गैर वातानुकूलित सामान्य कोचों का निर्माण किया जाएगा, और अगले पांच वर्षों में सभी पुराने कोचों को एलएचबी कोचों से बदला जाएगा। इसके अतिरिक्त, वंदे स्लीपर ट्रेन का परीक्षण भी किया जा रहा है।इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे श्री दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री अभय कुमार गुप्ता, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री पंकज कुमार सिंह और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महाकुंभ में स्वच्छता पर विशेष जोर, बसंत पंचमी पर तैयारियों का जायजा



प्रयागराज,लखनऊ (एजेंसी ) । महाकुंभ में बसंत पंचमी के शाही स्नान को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव नव्व अमृत अभिजात ने रविवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमृत स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु प्रयागराज की पावन धरा पर आए, वह स्वच्छ महाकुंभ का सुखद अनुभव लेकर जाए।नगर विकास प्रमुख सचिव नव्व अमृत अभिजात और स्वच्छ भारत मिशन निदेशक नव्व अनुज झा ने मेला प्राधिकरण के सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में डायरेक्टर अर्बन डेवलपमेंट नव्व अनुज झा, मेला अधिकारी नव्व विजय किरन आनंद, नगर आयुक्त नव्व चंद्र मोहन गर्ग, जॉइंट कमिश्नर नव्व आकांक्षा राणा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

हर दो घंटे में होगी घाटों की सफाई

समीक्षा बैठक के दौरान नगर विकास सचिवधनिदेशक ने वीसी के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को साफ–सफाई की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि हर दो घंटे में घाटों की सफाई करवाई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिले। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे रात में गश्त कर सफाई व्यवस्था का मौके पर जायजा लें। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था ऐसी हो कि महाकुंभ की स्वच्छता पूरे देश में मिसाल बने।

टॉयलेट लोकेटर और वाटर एटीएम के लिए साइनेज लगाने के निर्देश

समीक्षा बैठक के बाद नगर विकास सचिवधनिदेशक ने क्षेत्रीय निरीक्षण भी किया और जहां भी कमियां पाईं, उन्हें तत्काल प्रभाव से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में लगाए गए मोबाइल टॉयलेट्स, यूरिनल्स, रैन बसेरों और पेयजल व्यवस्था की भी जांच की गई। टॉयलेट्स के सुपरवाइजरों को साफ–सफाई को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। प्रमुख सचिव ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी मार्गों पर टॉयलेट लोकेटर और वाटर एटीएम की जानकारी देने के लिए साइनेज लगाए जाएं, ताकि लोगों को आसानी से आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।प्रशासन का पूरा ध्यान इस बार महाकुंभ को स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने पर है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त कर सकें।

# मेडिकल आफिसर्स बेसिक कोर्स-250 का समापन, उत्कृष्ट अधिकारियों को किया गया सम्मानित



लखनऊ (एजेंसी )। ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स–250 के सफल समापन पर कोर्स समापन परेड का आयोजन किया गया। इस नौ सप्ताह के गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत युवा सशस्त्र बल चिकित्सा अधिकारियों को युद्ध चिकित्सा सहायता का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन करने में सक्षम हो सकें।इस पाठ्यक्रम में तीनों सेनाओं के 118 अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल थीं। सैन्य परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल नव्व शिवेंद्र सिंह, एवीएसएम, कमांडेंट, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज और प्रभारी अधिकारी एएमसी रिकॉर्ड्स ने की।

15 गढ़वाल राइफल के कैप्टन योगेश गंगवार को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल–राउंड अधिकारी चुना गया, जिसके लिए उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, असम राइफल्स प्रशिक्षण केंद्र और स्कूल के कैप्टन सोनरेनशांगबम जेट सिंह को फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

युवा अधिकारियों को लेफ्टिनेंट जनरल का संदेश

कोर्स समापन परेड को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल नव्व शिवेंद्र सिंह ने अधिकारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को पेशेवर दक्षता के उच्चतम स्तर को बनाए रखना चाहिए और ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में अर्जित ज्ञान को निरंतर उन्नत करना चाहिए।उन्होंने सशस्त्र बलों द्वारा प्रदान किए गए अवसरों पर जोर देते हुए अधिकारियों को अपनी पेशेवर आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने और सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहने की सलाह दी।इस गरिमामयी आयोजन में 200 से अधिक गौरवान्वित माता–पिता और पाठ्यक्रम अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने भी परेड का अवलोकन किया और प्रशिक्षित अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में कैदियों के मानवाधिकार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ (एजेंसी ) बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में 3 फरवरी, 2025 को विधि विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वाधान में श्कैदियों के मानवाधिकार रू मुद्दे, चुनौतियां और संभावनाएंश विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी की थीम श्पुलिस, जेल सुधार और कैदियों के अधिकारश पर आधारित रही।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के पुलिस महानिदेशक श्री पी.वी. रामाशास्त्री उपस्थित रहे। मंच पर अन्य प्रमुख अतिथियों में कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मेहराज उद्दीन मीर, बीबीएयू की कुलसचिव प्रो. यूवी किरण, लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. अनूप कुमार भारतीय, और विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुदर्शन वर्मा समेत कई अन्य शिक्षाविद उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद आयोजन समिति द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया गया।कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षा और शैक्षणिक संस्थानों के मानवाधिकार और कानूनी सुधार के क्षेत्र में योगदान पर चर्चा की, और इसे सुधार के एक अहम माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि श्री पी.वी. रामाशास्त्री ने कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मेन्डेला नियम, कैदी एक्ट और जेल मैनुअल पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने दोषियों के सामाजिक पुनर्वास और उनके लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर जोर दिया।प्रो. मेहराज उद्दीन मीर ने जेल सुधारों और न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर चर्चा की, जबकि प्रो. यूवी किरण और प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने कैदियों के अधिकारों और न्यायिक प्रणाली की जटिलताओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने महिला कैदियों की स्थिति और बढ़ती कस्टोडियल मौतों पर भी चिंता जताई।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. अनीस अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद, श्कैदियों के मानवाधिकारश विषय पर चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।समापन सत्र के दौरान, डॉ. शकुन्तला मिश्रा और प्रो. शेफाली यादव ने कैदियों के अधिकारों पर चर्चा की और संबंधित केस स्टडीज पर विचार विमर्श किया। अंत में, विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी, शिक्षाविद और विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगोष्ठी के विषय पर गहरे विचार किए।

# गैर–जमानती वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने की कार्रवाई

लखनऊ (एजेंसी )। थाना महानगर पुलिस ने न्यायालय से गैर–जमानती वारंट प्राप्त एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त रविन्द्र पुत्र स्वर्गीय राजबहादुर, निवासी बैरल नंबर 11, कुकरैल बंधा, 35वीं वाहिनी पीएसी के सामने, रहीमनगर, थाना महानगर, लखनऊ, जो काफी समय से फरार चल रहा था, को पुलिस टीम ने हिरासत में ले लिया।अभियुक्त के खिलाफ वाद संख्या 35ध19, मुकदमा अपराध संख्या 302ध2017, धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। न्यायालय में निर्धारित तिथियों पर पेश न होने के कारण उसके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया गया था।थाना महानगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को रहीमनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिलशाद चौधरी और कांस्टेबल संदीप यादव शामिल रहे। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## समाजवादी पार्टी ने मिल्कीपुर उप-चुनाव में पारदर्शिता की मांग की, निर्वाचन आयोग से त्वरित कार्रवाई की अपील

लखनऊ(एजेंसी )समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने 273–मिल्कीपुर विधानसभा उप–चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से अपील की कि वह मूकदर्शक की भूमिका से ऊपर उठे और उप–चुनाव के लिए त्वरित कार्यवाही करे। श्याम लाल पाल ने कहा कि मतदान के दिन पुलिस कर्मियों का हस्तक्षेप पूरी तरह से रोका जाए। साथ ही, उन्होंने पीठासीन अधिकारियों पर भा.ज.पा. के पक्ष में मतदान करवाने के लिए दबाव डालने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पवन कुमार तिवारी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि पीठासीन अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में पर्चियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। इसके साथ ही, उन्होंने भा.ज.पा. सरकार के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों द्वारा राशन कोटेदारों और ग्राम प्रधानों पर दबाव डालकर मतदान करवाने की घटनाओं की जांच कर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव में किया जनसभा को संबोधित



लखनऊ (एजेंसी ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में एक विशाल चुनाव जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने अजीत प्रसाद को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की और मिल्कीपुर के ऐतिहासिक चुनाव को जनता बनाम सरकार के बीच चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राजनीति की दिशा का संदेश देने वाला है, और समाजवादियों का समर्थन मिल्कीपुर की जनता के साथ है।अखिलेश यादव ने पहले स्वर्गीय मित्रसेन यादव की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिर जनसभा में भाजपा सरकार की नीतियों पर कड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव को जानबूझकर टाला क्योंकि वे चुनाव परिणाम से भयभीत हैं। श्री यादव ने अयोध्या की जनता द्वारा लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सम्मान बढ़ाने की बात भी की और भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के खिलाफ समाजवादियों के महाकुंभ की बात की।साथ ही, श्री यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने घटनाओं के आंकड़े छिपाए और कई श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़े छुपाने का प्रयास किया। उन्होंने महाकुंभ में हुई अव्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला।श्री यादव ने मिल्कीपुर में मुख्यमंत्री द्वारा समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद को अपमानित किए जाने की निंदा की और कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में हर तरह का भ्रष्टाचार कर रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भाजपा को हराने और न्याय की लड़ाई में सहभागी बनें।इसके अलावा, जनसभा में समाजवादी पार्टी के अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा के खिलाफ जन जागरूकता अभियान की आवश्यकता को महसूस किया। जनसभा का संचालन पूर्व विधायक श्री अब्बास अली रुश्दी मियां ने किया।इस अवसर पर विभिन्न पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ जनसभा में प्रदेश महासचिव जयशंकर पाण्डेय, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, महेन्द्र यादव सहित कई अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

# विमलेश कुमार गिरफ्तार, पुलिस टीम ने न्यायालय में प्रस्तुत किया




लखनऊ, (एजेंसी )लखनऊ के थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने 03 फरवरी 2025 को एक नफर वारंटी अभियुक्त, विमलेश कुमार, को गिरफ्तार किया। विमलेश कुमार, जो कि मोहनलालगंज क्षेत्र के धनवारा भिसंडा का निवासी है, पिछले कई दिनों से माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा था और फरार चल रहा था। उसके खिलाफ थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में धारा 323ध504ध506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज था।

माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र के आधार पर उप निरीक्षक श्री परमानन्द सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया।गिरफ्तारी के दौरान विमलेश कुमार के खिलाफ पहले से दर्ज अपराधों की पुष्टि हुई, और उसे अब कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## साइबर क्राइम थाना लखनऊ ने जनवरी में 39,72,522 रुपये की धनराशि वापस कराई

लखनऊ, (एजेंसी )साइबर क्राइम थाना लखनऊ द्वारा जनवरी 2025 माह में विभिन्न साइबर अपराधों के शिकार हुए पीड़ितों के खाते में कुल 39,72,522 रुपये की धनराशि वापस कराई गई। यह धनराशि उन पीड़ितों को लौटाई गई है जिनके साथ साइबर अपराधियों ने विभिन्न तरीकों से ठगी की थी।साइबर क्राइम पुलिस थाना लखनऊ के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया था, जिसके तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ठगी गई रकम की बरामदगी सुनिश्चित की। इस प्रक्रिया में श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ, संयुक्त पुलिस आयुक्त और अन्य अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।गिरफ्तारी और धनराशि की वापसी में जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनमें प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक डॉ. विनोद सिंह, उ0नि0 गुलाम हुसैन, उ0नि0 नीतू सिंह, उ0नि0 अंकित शर्मा, और अन्य कर्मी शामिल थे।

# दिल्ली की बदहाल स्थिति के लिए भाजपा, आप और कांग्रेस जिम्मेदार: मायावती



लखनऊ (एजेंसी )। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री नव्व मायावती ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं से बीएसपी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के बावजूद यहां के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, और इसकी जिम्मेदारी आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की सरकारों पर आती है। मायावती ने कहा कि दिल्ली की तंग और अविकसित कॉलोनियों, झुग्गी–झोपड़ियों और अवैध बस्तियों में रहने वाले लाखों लोग आज भी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। चुनावी माहौल में विरोधी दलों के नेता अब नए वादे कर जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि इन पार्टियों ने सत्ता में रहने के दौरान अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे इन पार्टियों के झूठे दावों से सावधान रहें और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित बीएसपी को जिताएं, जिसने उत्तर प्रदेश में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति को लागू कर दिखाया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली के गवर्नेंस मॉडल पर सवाल उठाने वाली पार्टियां खुद इसके लिए जिम्मेदार हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार हो, केंद्र में भाजपा की सरकार हो या कांग्रेस का पूर्व शासनकृसभी ने यहां के लोगों के साथ अन्याय किया है। खासतौर पर उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब से आकर दिल्ली में बसे लोगों के साथ सौतेला व्यवहार हुआ है। कोरोना काल में इन लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी, लेकिन सरकारों ने उनकी कोई सुध नहीं ली।उन्होंने यह भी कहा कि बीएसपी दिल्ली विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ रही है और अगर चुनाव निष्पक्ष व स्वतंत्र हुए, ईवीएम में किसी तरह की गड़बड़ी न हुई और बाहुबल–धनबल का दुरुपयोग नहीं हुआ, तो बीएसपी पहले से बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने जनता से बीएसपी को कामयाब बनाने की अपील की।

# लखनऊ पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर स्वामी को लौटाया

लखनऊ (एजेंसी )। आलमबाग थाना क्षेत्र में गुम हुए एक मोबाइल फोन को पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण की मदद से खोज निकालने में सफलता प्राप्त की। मोबाइल फोन स्वामी के लिए यह एक अप्रत्याशित खुशी का पल था जब उसे उसका खोया हुआ फोन वापस मिला।यह मामला तब सामने आया जब एक नागरिक ने अपना मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत ब्म्प्ट पोर्टल पर दर्ज कराई। सूचना प्राप्त होते ही सहायक पुलिस आयुक्त कैंट लखनऊ नव्व अभय प्रताप मल्ल और प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई शुरू की। तकनीकी विश्लेषण के जरिए मोबाइल फोन को ट्रेस किया गया और सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इसके बाद मोबाइल स्वामी को सूचित कर उसका फोन उसे सौंप दिया गया।अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर मोबाइल धारक ने लखनऊ पुलिस की तत्परता और ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम और कांस्टेबल जयराम पाल की विशेष भूमिका रही।लखनऊ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम हो जाने की स्थिति में घबराने के बजाय उचित प्रक्रिया अपनाकर उसकी बरामदगी सुनिश्चित की जा सकती है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में तत्काल न्च्ब्ल् ऐप या ब्म्प्ट पोर्टल का उपयोग कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

# महिला से छेड़खानी और दुराचार का प्रयास करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ (एजेंसी ) के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक महिला से छेड़खानी और दुराचार का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने 54 वर्षीय डॉ. अहमद निशात तैय्यबी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने 25 दिसंबर 2024 को अपनी क्लीनिक पर आकर महिला के साथ छेड़खानी की थी और दुराचार का प्रयास किया था। इसके बाद महिला ने थाना ठाकुरगंज में अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।अहमद निशात तैय्यबी पेशे से डॉक्टर है और उसकी क्लीनिक रामगंज तिराहे पर स्थित है। घटना के बाद, ठाकुरगंज पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच शुरू की और 3 फरवरी 2025 को अभियुक्त को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।